हरिभूमि
रायपुर भूमि



शासकीय प्राथमिक शाला, सड्डू के पुराने व नए कैंपस के मध्य का दृश्य



# पांच सालों में एक भी बार नहीं जांची 'चखना पंजी', इधर... बच्चे ढो रहे पतीले, खड़े होकर भोजन, पेड़ तले बर्तन

**केस 1**

शासकीय प्राथमिक शाला मोवा में छात्र समूह में खड़े होकर भोजन करते नजर आए। वे जिस स्थान पर भोजन कर रहे थे, वहां समीप में पानी के गड्ढे और उसमें मच्छर पनप रहे थे। बच्चों को भोजन परोसने के लिए किसी तरह की टाटपट्टी या अन्य व्यवस्था नहीं थी।

**केस 2**

लालपुर स्थित शासकीय विद्यालय में पहले बच्चों को भोजन परोसा गया, उसके बाद शिक्षकों ने भोजन खाया। अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि यहां लगभग प्रतिदिन यही स्थिति रहती है। नियमतः पहले भोजन शिक्षकों द्वारा चखा जाना चाहिए। उनके द्वारा गुणवत्ता जांच पश्चात छात्रों को वितरित किया जाना चाहिए।

**केस 3**

भाठागांव स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में भी बच्चों को भोजन शिक्षकों के बगैर चखे ही वितरित किया गया।

**केस 4**

सड्डू स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में दो कैंपस हैं। पुराने कैंपस में भवन के कुछ हिस्से जर्जर होने के कारण समीप में नवीन कक्ष बनाया गया है। पुराने कैंपस में बच्चे जमीन पर बैठकर भोजन करते नजर आए। उनके लिए टाटपट्टी या ऐसी कोई दूसरी व्यवस्था नहीं थी। दूसरे कैंपस में भोजन के बर्तन वृक्ष तले खुले में रखे हुए थे। चिंतनीय बात यह रही भोजन पश्चात खाली हो चुके भारी-भरकम बर्तनों को बच्चे ही एक कैंपस से दूसरे कैंपस में ले जाते हुए नजर आए।

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लाइव

देश में शाला त्यागी बच्चों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए मध्यान्ह भोजन योजना शुरु की गई। इसका उद्देश्य था-गरीब के बच्चों को भी शाला तक लेकर आना। लेकिन सरकार की अच्छी व्यवस्था के बाद भी स्कूल प्रबंधन इसे व्यवस्थित नहीं कर पा रहे हैं। गुरुवार को हरिभूमि ने कई स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के सिस्टम को देखा, समझा। ज्यादातर जगह भोजन के लिए तय नार्म्स का पालन नहीं किया जा रहा है।

गौरतलब है, मध्यान्ह भोजन की खराब गुणवत्ता, दूषित भोजन जैसे मामले थोक में आने के बाद न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई थी। उच्च न्यायालय ने इस पर सुनवाई करते हुए शासन को उचित व्यवस्था करने निर्देश दिए। इसके बाद इस माह की 9 तारीख को शासन द्वारा मध्यान्ह भोजन संबंधित आदेश जारी किया गया। 10 बिंदुओं में जारी दिशा-निर्देश में गुणवत्ता जांच के लिए चखना रजिस्टर की व्यवस्था सहित कई निर्देश दिए गए हैं। आदेश जारी होने के 10 दिन बाद जब हरिभूमि की टीम जमीनी हकिकत जानने निकली तो यहां हालात कुछ और ही नजर आए।

- उच्च न्यायालय के आदेश पश्चात सामान्य प्रशासन विभाग ने 9 सितंबर को जारी किए थे दिशा-निर्देश
- कलेक्टर और स्कूल शिक्षा विभाग को भी भेजा गया मध्यान्ह भोजन सुरक्षा संबंधित आदेश
- हरिभूमि टीम की पड़ताल में सामने आया मामला

**केस 5**

हरिभूमि की टीम ने कई शासकीय विद्यालयों के प्रमुख से बात कर उनसे चखना पंजी के संदर्भ में जानकारी मांगी। अधिकतर ने पंजी में दर्ज ब्योरा दिखाने से इनकार कर दिया। कई स्कूलों में सूत्रों से ज्ञात हुआ कि जांच नहीं होने के कारण औपचारिकता के रूप में ही चखना पंजी मेंटेन किया जाता है।

**केस 6**

शहरी क्षेत्रों में कैंपस में सीसीटीवी लगे हुए हैं, लेकिन आउटर के स्कूलों में सीसीटीवी जैसी कोई व्यवस्था नहीं दिखी।



शासकीय प्राथमिक शाला मोवा, बैठने का इंतजाम नहीं

सभी फोटो- अजय साहू

## कोरोना काल में भी हुआ था आदेश

चखना पंजी संबंधित निर्देश कोरोनाकाल के दौरान 2020 में भी जारी हुआ था। बीते पांच वर्षों में विशेष रूप से केवल चखना पंजी की जांच के लिए कोई टीम नहीं गई। बच्चों के बीमार होने अथवा कोई बड़ी घटना होने के बाद ही प्रशासन सक्रिय होता है और व्यवस्था बनाने जद्दोजहद की जाती है। यह भी कुछ दिनों तक ही चलता है तथा पुनः सबकुछ पुराने ठर्रे पर आ जाता है। यह आम स्थिति है। सड्डू स्थित शासकीय विद्यालय सहित कुछ स्कूलों में अवश्य शिक्षक भोजन को चखकर निर्देश देते नजर आए, लेकिन अन्य स्थानों पर हालात चिंताजनक ही मिले।

## सख्त निर्देश

*स्कूलों को सख्त निर्देश दिए गए हैं वे नियमों का जिम्मेदारी से पालन करें। यदि कहीं किसी भी तरह की लापरवाही सामने आती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।*

*- **हिमांशु भारतीय**, जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर*

## ऐसा नहीं होता है

*मेरी ड्यूटी अन्यत्र लगी थी। प्रभार पर विद्यालय के शिक्षक थे। बच्चे बर्तन उठाएं, ऐसा सामान्यतः नहीं होता है। संभव है जिद या उत्साह में वे स्वतः ले गए हों। मैं पता करवाती हूं।*

*- **सरिता**, प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक शाला,*

## इन बिंदुओं का किया जाना है पालन

1. खाद्य सुरक्षा प्रोटोकाल के अंतर्गत भोजन परोसने के पहले शिक्षकों द्वारा चखना और रजिस्टर में इसका उल्लेख करना।
2. खाद्य सामग्री के लिए भंडारण कक्ष निर्माण करना। फिनाइल, कीटनाशक, डिटर्जेंट, कैरोसिन आदि को भंडारण कक्ष से दूर रखना।
3. खाद्य सुरक्षा की निगरानी के निए नोडल अधिकारी की नियुक्ति। चूक के लिए प्रधानपाठक अथवा प्राचार्य की जवाददेही तय करना।
4. भोजन क्षेत्रों में स्थानीय मद का उपयोग करते हुए सीसीटीवी कैमरे लगाना तथ औचक निरीक्षण करना।
5. भोजन सुरक्षा, स्वच्छता और संचालन के लिए रसोइयों, सहायकों और कर्मचारियों को नियमित प्रशिक्षण।
6. प्राथमिक चिकित्सा किट और बुनियादी विषहर औषधियां उपलब्ध कराना। आपातकालीन स्थिति आधारित मॉक ड्रिल होना।
7. अभिभावक-शिक्षक निगरानी समिति का गठन।
8. जानबूझकर भोजन दूषित करने सहित प्रत्येक आपराधिक घटना की सूचना पुलिस को देना।
9. खामियों की सूचना देने राज्यस्तरीय हेल्पलाइन नंबर जारी करना। प्रत्येक छोटी-बड़ी घटना की रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर को करना
10. खाद्य योजनाओं का प्रत्येत तीन माह में स्वतंत्र लेखा ऑडिट।

## खबर संक्षेप

### सौम्या की संपत्ति अटैच मामले की सुनवाई 22 को

**रायपुर।** ईओडब्ल्यू ने राज्य सेवा की निलंबित अधिकारी सौम्या चौरसिया की आय से अधिक 16 चल-अचल संपत्तियों को अटैच करने की कोर्ट से अनुमति मांगी है। आवेदन में बताया गया है कि सौम्या ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अवैध वसूली की। इससे अर्जित रकम से परिजनों और अन्य लोगों के नाम पर 45 प्रॉपर्टी खरीदी गई है। विशेष न्यायाधीश ने दोनों पक्षों का तर्क सुनने के बाद बचाव पक्ष को 22 सितंबर को अपना पक्ष रखने का समय दिया है।

### तीन थानों के प्रभारी बदले छह टीआई का ट्रांसफर

**रायपुर।** शहर के तीन थानों सहित आधा दर्जन टीआई को एसएसपी लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर स्थानांतरित किया गया है। जिन तीन थानों के टीआई इधर से उधर किए गए हैं। उनमें कोतवाली थाने के टीआई अजीत सिंह को पुलिस लाइन, डीडीनगर टीआई शिवनारायण सिंह को कोतवाली, रविंद्र सिंह मौदहापारा से डीडीनगर, मुकेश शर्मा पुलिस लाइन से मौदहापारा, मनीष तिवारी को पुलिस लाइन से माना, शील आदित्य कुमार सिंह को ट्रैफिक से पुरानी बस्ती टीआई की जिम्मेदारी दी गई है।

*एक सितंबर से कॉल सेंटर की जिम्मेदारी टाटा की जगह सी-डैक के कंधों पर*

# डॉयल-112 की कई गाड़ियां कबाड़ एक्सटेंशन पर दौड़ रही 'सेवा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आपातकालीन मदद के लिए सात वर्ष पूर्व शुरू की गई डॉयल 112 सेवा को आपातकालीन मदद की जरुरत है। पिछले दो वर्षों से डॉयल-112 में गाड़ियां संचालित करने का टेंडर खत्म हो चुका है, लेकिन नई कंपनी का चयन नहीं हो पाया है। अभी भी एबीपी ग्रुप एक्सटेंसन में अपनी सेवाएं दे रहा है। इसी कंपनी को वाहन संचालन का जिम्मा मिला हुआ है। इस कंपनी के साथ टाटा ग्रुप कॉल सेंटर समेत आईटी के काम देख रहा था। टाटा ने काम छोड़ दिया है, लेकिन एबीपी अभी भी सेवाएं दे रहा है। अभी संचालित हो रही गाडियां पुरानी हो चुकी हैं, जिस वजह से कई दफा मौके पर पीड़ित को मदद नहीं मिल पाती। टाटा वाला आईटी का काम सी-डैक केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स को दे दिया गया है। ▶▶|शेष पेज 13 पर

- वर्तमान में 254 गाड़ियां, जिनमें से ज्यादातर की हालत खस्ता

### टेंडर फाइनल होने के बाद रद्द

वर्ष 2023 में टाटा तथा उनसे जुड़े ग्रुप का अनुबंध खत्म होने पर पुलिस मुख्यालय ने नया टेंडर जारी किया था। इसमें टीसीआईएल, बीवीजी इंडिया लिमिटेड, विंध्या टेली लिंक लिमिटेड, सीएमएस कंप्यूटर लिमिटेड और जिकित्जा हेल्थकेयर लिमिटेड ने भाग लिया था। पीएचक्यू की कमेटी ने जिकित्जा हेल्थ केयर लिमिटेड का टेंडर फाइनल किया। राज्य सरकार को जिकित्सा का प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन शासन ने इस कंपनी को संचालन की मंजूरी नहीं दी। कंपनी के खिलाफ सीबीआई जांच होने की वजह से टेंडर रद्द कर दिया गया।



### 40 करोड़ की गाड़ियां कबाड़ में तब्दील

राज्य में डॉयल-112 सेवा का विस्तार करने दो वर्ष पूर्व 40 करोड़ रुपए की लागत से चार सौ बोलेरो खरीदी गई थी। सेवा संचालित करने टेंडर निरस्त होने के बाद से नई गाड़ियां अमलेश्वर स्थित तीसरी बटालियन में खड़ी-खड़ी कबाड़ में तब्दील हो गईं। वर्तमान में अमलेश्वर से उक्त गाड़ियां कहीं दूसरी जगह शिफ्ट कर दी गई हैं।

### ज्यादातर एक लाख किलोमीटर से ज्यादा रन कर चुकी हैं

वर्तमान में डॉयल-112 में जो गाड़ियां संचालित की जा रही हैं, उनमें से ज्यादातर गाड़ियां एक लाख किलोमीटर से ज्यादा चल चुकी हैं। इस वजह से गाड़ियां अपने रिस्पांस टाइम में घटनास्थल पर नहीं पहुंच पातीं। इसके कारण लोगों को समय पर मदद नहीं मिल पाती। पिछले दिनों महिला थाना परिसर में एक महिला द्वारा आत्मदाह करने की कोशिश करने की घटना के बाद डॉयल-112 की गाड़ी रिस्पांस टाइम पर नहीं पहुंच पाई थी। इसके चलते महिला, थाना परिसर में काफी देर तक तड़पती रही।

### वर्तमान में 18 जिलों में संचालित हो रही सेवा

डॉयल-112 के सेवाएं वर्तमान में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा, जगदलपुर, राजनांदगांव, कबीरधाम, महासमुंद, रायगढ़, जांजगीर-चांपा और सरगुजा, बलौदाबाजार, गरियाबंद, धमतरी, बालोद, बेमेतरा, मुंगेली, गौरेला पेंड्रा मरवाही तथा सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला में संचालित हो रही है। सेवा को राज्य के सभी 33 जिलों में संचालित किया जाना है। सेवा संचालित करने 254 गाड़ियां चलाई जा रही हैं।

# करोड़ों के फर्जी टेंडर मामले में डिप्टी कमिश्नर निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दंतेवाड़ा में करोड़ों के फर्जी टेंडर प्रकरण में आदिवासी विकास विभाग के डिप्टी कमिश्नर डॉ. आनंदजी सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। विभाग ने आदेश जारी किया है। दरअसल रायपुर में पदस्थ आदिवासी विकास विभाग के डिप्टी कमिश्नर डॉ. आनंदजी सिंह ने दंतेवाड़ा में सहायक आयुक्त रहते करोड़ों का फर्जी टेंडर लगवाया था।

कलेक्टर ने साल 2021 से लेकर 2024 तक विभाग के डीएमएफ मद से लगाए गए टेंडर की जांच करवाई, तो कई चौंकानें वाले खुलासे हुए थे। सारी गड़बड़ी डॉ आनंदजी सिंह और केएस मेसराम के कार्यकाल के दौरान हुई थी। 45 टेंडर फर्जी तरीके से लगाना पाया गया था। खुलासा होते ही दोनों पूर्व सहायक आयुक्तों और विभाग के एक बाबू के खिलाफ दंतेवाड़ा में एफआईआर दर्ज हुई थी। पुलिस ने दोनों अफसरों को गिरफ्तार कर लिया था। अब ये जेल में हैं, जबकि बाबू अब तक फरार है।

- डीएमएफ फंड से 45 टेंडर फर्जी तरीके से लगाए गए थे

### विभाग ने किया सस्पेंड

इस पूरे मामले में विभाग ने भी एक्शन लेते हुए डिप्टी कमिश्नर आनंदजी सिंह को सस्पेंड कर दिया है। इस अवधि में इनका कार्यकाल आयुक्त आदिम जाति विभाग रायपुर रखा गया है, जबकि केएस मेसराम रिटायर हो चुके हैं।

# सरेंडर करने पहुंचे पूर्व आईएएस अफसर शुक्ला को कोर्ट ने लौटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वर्ष 2015 में नान घोटाले के आरोपी पूर्व आईएएस डॉ. आलोक शुक्ला सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद गुरुवार को ईडी की विशेष अदालत में सरेंडर करने पहुंचे। श्री शुक्ला को कोर्ट ने बैरंग लौटा दिया। इसकी वजह सुप्रीम कोर्ट की आर्डर कॉपी अपलोड नहीं होना है। कोर्ट ने कहा कि अभी सुप्रीम कोर्ट का ऑर्डर अपलोड नहीं हुआ है। सरेंडर नहीं करा सकते हैं। बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आलोक शुक्ला ईडी की स्पेशल कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचे थे, लेकिन कोर्ट ने कहा कि अभी सुप्रीम कोर्ट का ऑर्डर आया नहीं है, जब ऑर्डर आ जाएगा तो आप ऑर्डर के साथ आइए। उल्लेखनीय है कि नान घोटाला केस में श्री शुक्ला को हाईकोर्ट ▶▶|शेष पेज 13 पर

- आर्डर कॉपी अपलोड नहीं होने की वजह से कोर्ट ने किया इनकार

## इधर...पीएससी मामले में पूर्व अफसर सहित पांच से पूछताछ

**रायपुर।** पीएससी परीक्षा घोटाला मामले में सीबीआई ने गुरुवार को आयोग के पूर्व अफसर समेत पांच लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने जिन लोगों को हिरासत में लिया है, उनसे परीक्षा से जुड़े मामले में पूछताछ की जाएगी। पूछताछ करने के बाद छोड़ा जाएगा या शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर सीबीआई रिमांड पर लेगी यह अब तक स्पष्ट नहीं है। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने पूर्व अफसरों तथा एक अफसर के पुत्र को सीबीआई ने देर शाम हिरासत में लिया है। वर्ष 2020 से 2022 के बीच आयोजित पीएससी परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी कर अपने परिजनों के साथ करीबियों को मोटी रकम लेकर पेपर लिक कर साक्षात्कार में ज्यादा नंबर देकर परीक्षा पास कराने का आरोप है।

# रायपुर से राजिम जाना हुआ आसान फूलों से सजी ट्रेन का किया स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

9 साल के लंबे इंतजार बाद गुरुवार को राजिम से रायपुर के लिए नई मेमू ट्रेन की शुरुआत हुई। इस खास अवसर पर हजारों की संख्या में आमजन और यात्री स्टेशन पहुंचे। नेरो गेज से ब्रॉड गेज में बदली गई पटरी पर पहली बार बच्चों और परिवारों के साथ यात्रियों ने सफर किया, जिससे पुरानी यादें भी ताजा हो गईं। लोगों ने इस पहल के लिए रेलवे का आभार जताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और हरी झंडी दिखाकर राजिम–रायपुर मेमू रेल सेवा का शुभारंभ किया। अब राजिम और रायपुर के बीच प्रतिदिन 3 ट्रेनें चलेंगी, जिनका किराया मात्र 15 रुपए निर्धारित किया गया है। ट्रेन की सुविधा क्षेत्र के लगभग 25 लाख लोगों को बेहतर ▶▶|शेष पेज 13 पर

- राजिम जाने अब रायपुर से मिलेगी 3 ट्रेनों की सुविधा, किराया मात्र 15 रुपए

### रेल मार्ग से आना-जाना होगा आसान

ट्रेन के शुभारंभ परमुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि इस सेवा से प्रदेशवासियों को अभनपुर मार्ग से होते हुए राजधानी रायपुर रेल मार्ग से आने-जाने में आसानी एवं समय की बचत होगी। उन्होंने छत्तीसगढ़ में चल रही रेल परियोजनाओं तथा अमृत भारत स्टेशन योजना का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राजिम से रायपुर तक की यात्रा और सुगम हो जाएगी, जिससे व्यापार, शिक्षा, पर्यटन और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा एवं रायपुर से राजिम के पवित्र स्थलों तक आसान पहुंच होगी। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सांसद रूप कुमारी चौधरी, विधायक राजिम रोहित साहू, ▶▶|शेष पेज 13 पर

# शवगृह में लावारिस शवों के ढेर

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मांगा शासन से जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने अंतिम संस्कार के लिए राजधानी रायपुर में स्थान की कमी को स्वतः संज्ञान लेते हुए छग शासन को नोटिस जारी किया है। छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा, मृतकों को अपने धर्म के अनुसार सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार का अधिकार है। गौरतलब है कि अंतिम संस्कार के लिए स्थान निर्धारित न किए जाने के कारण रायपुर जिला अस्पताल के शवगृह में कई लावारिस शवों के ढेर लगे हुए हैं। रायपुर जिला प्रशासन ने लावारिस शवों के अंतिम संस्कार के लिए लगभग तीन वर्ष पहले तीन एकड़ जमीन ▶▶|शेष पेज 13 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

# ठेकेदारों पर अब कसेगा शिकंजा, रॉयल्टी पर्ची देनी होगी, वरना बिल से राशि काटकर खनिज विभाग को दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में निर्माण से जुड़े ठेकेदारों के लिए आदेश जारी किया गया है कि ठेकेदार को सभी खदानों, रॉयल्टी शुल्क आदि का भुगतान करना होगा। यदि ठेकेदार संबंधित विभाग से रॉयल्टी क्लीयरेंस प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो आयुक्त, सीएमओ उसके बिलों से रॉयल्टी शुल्क काटकर जमा शीर्ष में रखेंगे, जो संबंधित विभाग से रॉयल्टी क्लीयरेंस प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर ठेकेदार को वापस कर दिया जाएगा। यदि वह अंतिम बिल जमा करने के 30 दिनों के भीतर रॉयल्टी क्लीयरेंस प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो आयुक्त सीएमओ द्वारा जमा शीर्ष में रखे गए रॉयल्टी शुल्क संबंधित विभाग में जमा कर दिए जाएंगे। राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक ने इस संबंध में प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ के लिए आदेश जारी किया है। आदेश में जो बात कही गई है वह दरअसल एक नियम है, इस संबंध में प्रावधान हैं।

खास खबर




### प्रचलित दर के हिसाब से होगी कटौती

आदेश के मुताबिक बोलीदाता,ठेकेदार द्वारा वित्तीय प्रस्ताव प्रस्तुत करने की तिथि के बाद, राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित लघु खनिजों की रॉयल्टी दरों में किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर, दरों में इस वृद्धि या कमी की वास्तविक आधार पर प्रतिपूर्ति या कटौती की जाएगी।

### तीस दिन में जमा करना होगा रायल्टी प्रमाणपत्र

अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार, कार्य में प्रयुक्त खनिज सामग्री पर अधिसूचित दर पर रॉयल्टी की कटौती की जाती है और उसे रोक लिया जाता है। यदि ठेकेदार अंतिम भुगतानकर्ता द्वारा रॉयल्टी भुगतान प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की तिथि से 30 दिनों की अवधि के भीतर रॉयल्टी भुगतान प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो रोकी गई राशि खनिज विभाग के खाते में जमा करके अंतिम भुगतानकर्ता को भुगतान किया जाएगा। जिन मामलों में ठेकेदार द्वारा रॉयल्टी भुगतान प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है, उन मामलों में रॉयल्टी भुगतान प्रमाण पत्र के लिए रोकी गई राशि खनिज विभाग में नियमानुसार जमा कर अंतिम देयक का भुगतान किया जाता है जो अनुबंध के अनुरूप है।

### इससे रॉयल्टी चोरी और बढ़ेगी

इस मामले में खनिज विभाग के सूत्रों की मानें तो इस आदेश से खनिज रॉयल्टी की चोरी और बढ़ेगी। गौण खनिज नियम 71 ख के हवाले से बताया गया है कि प्रावधान ये है कि अगर ठेकेदार रॉयल्टी परची जमा नहीं करता है तो उससे बाजार मूल्य के बराबर राशि वसूल की जाए। यह राशि रॉयल्टी के मुकाबले तीन गुना अधिक होती है। इस संबंध में खनिज विभाग पहले ही परिपत्र जारी कर चुका है। अब खनिज विभाग के सूत्रों ने आशंका जताई है कि नगरीय प्रशासन के परिपत्र से अवैध खनन को बढ़ावा मिल सकता है। ठेकेदार रॉयल्टी चोरी वाले माल का उपयोग करने के बाद रॉयल्टी की परची अपना बिल पास करवा लेंगे। इससे शासन के खनिज राजस्व की कमी हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस विधायक ने किया अशोक चक्र का अपमान

रायपुर। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने कहा, खरसिया के कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने अशोक चक्र का अपमान किया है।



सोशल मीडिया में वायरल हो रहे एक चित्र में उमेश पटेल अशोक चक्र पर जूते पहने बैठे नजर आ रहे हैं। श्री चिमनानी ने कहा, संविधान, लोकतंत्र, राष्ट्रीय अस्मिता के साथ कांग्रेस किस निम्न स्तर तक जाकर अपमानजनक आचरण का प्रदर्शन करती है, उमेश पटेल का यह कांग्रेसी राजनीतिक चरित्र इसकी पुष्टि करने के लिए पर्याप्त है। यह सब सचिन पायलट और दीपक के सामने हुआ, लेकिन वो इसका विरोध करने के बजाय सेल्फी खिंचवाते रहे, ये शर्मनाक है।

### शांताराम सर्राफ की श्रद्धांजलि सभा में आएंगे रामदत्त

रायपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं छत्तीसगढ़ के प्रथम प्रांत प्रचारक शांताराम सर्राफ के देवलोकगमन पर शुक्रवार को



श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। शाम पांच बजे रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषक सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर की विशेष उपस्थिति रहेगी। उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ प्रचारक शांताराम सर्राफ का 5 सितंबर को देहावसान हो गया था। उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रांत समेत मध्य क्षेत्र में विभिन्न दायित्व का निर्वहन किया।

स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

# गणवेश वितरण में अनियमितता पर सख्ती रामानुजगंज-बलरामपुर डीईओ निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

रामानुजगंज-बलरामपुर जिले में निःशुल्क गणवेश वितरण कार्य में गंभीर अनियमितता एवं लापरवाही के कारण जिला शिक्षा अधिकारी डीएन मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में गुरुवार को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया।

जारी आदेश के अनुसार डीएन मिश्रा के स्थान पर सूरजपुर जिले के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उन्हें शिक्षा संभाग सरगुजा में अटैच किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक मंत्रालय में गुरुवार को रखी गई थी। बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों के आधार पर ही उन्हें पद से हटाया गया है। इसके अतिरिक्त प्रशासनिक कार्यों में उदासीनता के कारण मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे को शो कॉस नोटिस दिया गया है। बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी वर्षों की ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर विशेष बल दिया गया। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने यह समीक्षा बैठक ली। अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्ले, स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, संचालक लोक शिक्षण ऋतुराज रघुवंशी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में निर्देश दिए गए कि राज्य के सभी जिलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने मॉडल स्कूल स्थापित किए जाएं। मॉडल स्कूल स्थापित करने योग्य स्कूलों की जानकारी 10 दिन में संचालनालय को प्रस्तुत की जाएगी।

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने ली समीक्षा बैठक




### बोर्ड में बेतहर परिणाम के लिए अभी से मशक्कत

भवन विहीन और भवन की आवश्यकता वाले स्कूलों की संख्यात्मक जानकारी ली गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जहां भवन बनाना आवश्यक हो वहां प्राथमिकता से इस कार्य को करें। डिस्मेन्टल योग्य भवनों की स्थिति का शीघ्र समाधान करने, लघु मरम्मत और शौचालय मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं के बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए प्रारंभ से ही विशेष ध्यान देने कहा गया। उन्होंने विभाग के अंतर्गत न्यायालयीन प्रकरणों की अद्यतन जानकारी लेकर प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। केन्द्रीय छात्रवृत्ति योजना, विद्यार्थियों के बैंक खाते खोलने, उनके जाति प्रमाण पत्र आदि के संबंध में भी विशेष चर्चा हुई। सभी कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका और पास बुक नवंबर माह तक अपडेट करने कहा गया, ताकि उन्हें पेंशन के लिए भटकना ना पड़े।

प्रयास संस्था में खरीदी घोटाला

# 50 हजार की रोटी मेकर मशीन 8 लाख में खरीदी

- मंत्री नेताम ने शिकायत के बाद विभागीय सचिव से मांगा जवाब



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग पर एक बार फिर खरीद-फरोख्त में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। मामला रोटी मेकर मशीन से जुड़ा है। बताया जा रहा है कि जिस मशीन की बाजार में वास्तविक कीमत 50 से 60 हजार रुपये है, वही विभाग ने करीब 7 लाख 95 हजार रुपये में खरीदी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने विभागीय प्रमुख सचिव से 7 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आदेश में लिखा है कि सोशल मीडिया में विभाग द्वारा बाजार दर से काफी अधिक लागत में सामग्री क्रय किये जाने के संबंध में लगातार शिकायत आ रही है।

इसी तारतम्य में कलेक्टर, रायपुर (आदिवासी विकास) द्वारा प्रयास संस्था में अधिक दरों पर रोटी मेकर मशीन खरीदी की शिकायत भी संलग्न है। उन्होंने लिखा है कि इस संबंध में ज्ञात हुआ है कि प्रयास संस्था के अंतर्गत रोटी मेकिंग मशीन, कम्प्यूटर, कम्प्यूटर टेबल, कुर्सी एवं अन्य उपकरण क्रय किया गया है।

# केदार बोले- जिन पर विधायकों की चोरी का आरोप, वे वोट चोरी की बात करते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

प्रदेश के वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी भ्रामक प्रचार करने वाली एक एजेंसी के प्रमुख हो गए हैं। वे हमेशा बेतुकी बातें कहते हैं, जिनका वर्तमान, भविष्य और अतीत से कोई नाता नहीं है। उनके सलाहकार राहुल गांधी को सही सलाह भी नहीं देते।



यह सोचने वाली बात है कि जिन पर विधायकों की चोरी का आरोप हो, वो वोट चोरी की बात करते हैं। एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री कश्यप ने कहा, भारत के चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के झूठे दावों को खारिज कर दिया है। एक बार फिर, राहुल गांधी के सारे झूठे दावे मिनटों में ध्वस्त हो गए। श्री कश्यप ने कहा, छत्तीसगढ़ में उनके भेजे गए प्रभारी सचिन पायलट भी उसी तरह की बातें कर रहे हैं। वे एक ऐसे पायलट हैं, जो राजस्थान में कांग्रेस का विमान सही ढंग से उड़ा नहीं पा रहे हैं। हमेशा प्रदेश में कांग्रेस में चमचा बनाओ स्पर्धा चलती रहती है जिसे लेकर लगता है कि वे बहुत विवश हैं।

श्री कश्यप ने कहा, कथित तौर पर वोट चोरी की बात कर कांग्रेस लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने में लगी हुई है। पूरे देश में उनका भ्रम फैलाओ मोर्चा यही बात कह रहा है जिसका जुड़ाव जनता से कहीं नहीं है। जिन लोगों पर खुद के विधायकों की चोरी कर अपनी ही सरकारों को स्थिर करने का आरोप लग चुका है, आज वे किस मुंह से वोट चोरी की बात कर रहे हैं। जनता उन्हें जानती है कि विधायकों की चोरी छत्तीसगढ़ और राजस्थान में किसने की थी।

# जीएसटी और आत्मनिर्भर भारत को लेकर भाजपा की आज बड़ी कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन की शुक्रवार को एक साथ दो बड़े विषयों जीएसटी में बदलाव और आत्मनिर्भर भारत को लेकर कार्यशाला होगी। इसमें पूरे प्रदेश के जिलाध्यक्षों के साथ दोनों अभियानों से जुड़ी समितियों के संयोजक और सदस्यों को बुलाया गया है। जहां आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रीय स्तर के संयोजक राजस्थान के चित्तौड़गढ़ के सांसद चंद्रप्रकाश जोशी मार्गदर्शन देंगे, वहीं जीएसटी के कार्यक्रमों को लेकर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय और अभियान के प्रदेश संयोजक यशवंत जैन का मार्गदर्शन मिलेगा। कार्यशाला में ही दोनों अभियानों की रूपरेखा और कार्यक्रम भी तय होंगे।

जीएसटी में नवरात्रि से बड़ा बदलाव हो रहा है। अब चार के स्थान पर दो स्लैब हो जाएंगे। ऐसे में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने तय किया है कि देश के सभी राज्यों में इसको लेकर भाजपा जनता और व्यापारियों के बीच जाकर कार्यक्रम करेगी। इसी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बड़ा फोकस आत्मनिर्भर भारत पर है। इसको लेकर भी भाजपा ने एक बड़ा अभियान चलाने का फैसला किया है। इसी को लेकर प्रदेश संगठन प्रदेश स्तरीय कार्यशाला कर रहा है।



राजस्थान के सांसद चंद्रप्रकाश जोशी, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, पवन साय, यशवंत जैन का मिलेगा मार्गदर्शन

### कार्यक्रमों की तय होगी रूपरेखा

प्रदेश भाजपा संगठन के महामंत्री यशवंत जैन ने बताया, जीएसटी को लेकर जहां प्रदेश स्तर पर एक समिति बनाई गई है, वहीं सभी जिलों में भी समिति बनाई गई है। जिलों की समिति में एक संयोजक और तीन सदस्य रखे गए हैं। जीएसटी वाले अभियान की समिति के जिलों के संयोजकों को ही कार्यशाला में बुलाया गया है। लेकिन आत्मनिर्भर भारत के लिए जिलों में बनाई गई समितियों में संयोजकों के साथ सदस्यों को भी बुलाया गया है। इसके अलावा सभी जिलों के जिलाध्यक्ष भी बुलाए गए हैं। कार्यशाला में जहां जीएसटी को लेकर प्रदेश भर में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा तय होगी, वहीं इसको लेकर मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। आत्मनिर्भर भारत में क्या-क्या कार्यक्रम होंगे इसके बारे में सांसद चंद्र प्रकाश जोशी पूरी जानकारी देने के साथ मार्गदर्शन देंगे कि भाजपा के कार्यकर्ताओं को क्या-क्या करना है। इस अभियान में स्वदेशी मेलों के साथ स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी लगाने के साथ लोकल फार वोकल पर फोकस किया जाएगा। इस अभियान में भी भाजपा जनता के बीच जाएगी। इसी तरह से जीएसटी वाले अभियान में हर विधानसभा में सम्मेलन होंगे। इसमें प्रदेश की पूरी सरकार के साथ भाजपा के साथ सांसद, विधायक और भाजपा के पदाधिकारी शामिल होंगे। कब कहां कौन से कार्यक्रम होंगे, यह तय किए जाएंगे।

### नगरीय निकाय विभाग में 267 कर्मचारियों के तबादले

रायपुर। राज्य शासन ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में बड़ी संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले किए हैं। कुल 267 कर्मचारियों के तबादले किए गए हैं, जिसमें सहायक अधीक्षक, उप अभियंता, कार्यपालन अभियंता, प्रभारी कार्यपाल अभियंता, निरीक्षक, सहायक लेखा अधिकारी, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता निरीक्षक, सहायक ग्रेड-1 और सहायक ग्रेड-2 सहित कई पदों के कर्मचारी शामिल हैं।


**// आम सूचना //**

ग्राम- धनसुली, प.ह.नं.-02, रा.नि.मं.-चंदखुरी, तहसील मंदिर हसौद व जिला- रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 284, रकबा- 0.700 हे., तथा खसरा नं. 286 रकबा- 0.210 हे., याने कुल खसरा- 02, कुल रकबा 0.9100 हे., कृषि भूमि के संबंध में।

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार द्वारा 1. किस्मत कुमार पिता मंगल दास तथा 2. असमन कुमार पिता मंगल दास दोनो निवासी- धनसुली, मंदिर हसौद रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं.- 284 रकबा 0.700 हे., तथा खसरा नं.- 286 रकबा-0.210 हे., याने कुल खसरा- 02 कुल रकबा- 0.9100 हे., कृषि भूमि स्थित ग्राम- धनसुली, प.ह.नं.-02, रा.नि.मं.- चंदखुरी, तहसील मंदिर हसौद व जिला - रायपुर (छ.ग.) भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है, केवल विक्रय पत्र पंजीयन की प्रक्रिया शेष है। अतः उपरोक्त सम्पत्ति के स्वत्व, आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, व्यक्तियों, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभागो, बैंक, वित्तीय संस्थाओं एवं निकायों को किसी भी प्रकार का उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से 15 (पंद्रह दिनों के अंदर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज में नीचे लिखे पते पर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर देवें, बाद म्याद हमारे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जायेगा । तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अवैध एवं शून्य होने से हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सो सूचना जाने ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक - 18.09.2025

भवदीय
ब्यास देव भोई, रमेश साहू, सागर क्षत्रिय, सौरभ भोई, विवेक परमार, शिवांक भोई (अधिवक्तागण)
ईश्वरी प्लाजा, जी. ई. रोड़, आनन्द नगर, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) मो.नं.- 9039640754

**// आम सूचना //**

ग्राम- धनसुली, प.ह.नं.- 02, रा.नि.मं.- चंदखुरी, तहसील मंदिर हसौद व जिला- रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं.- 281/1 रकबा 0.800 हे., कृषि भूमि के संबंध में।

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार द्वारा 1. रामजी 2. शंकर 3. शेखर, 4. विरेन्द्र, 5. हुमन, 6. उर्मिला, 7. मंगलीन, 8. शकून सभी पिता किरन, तथा 9. धानकुंवर बाई बेवा बुधराम निवासी- धनसुली, चंदखुरी, मंदिर हसौद रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं.-281/1 रकबा 0.800हे. कृषि भूमि स्थित ग्राम-धनसुली, प.ह.नं.- 02, रा.नि.मं.- चंदखुरी, तहसील मंदिर हसौद व जिला- रायपुर (छ.ग.) भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है, केवल विक्रय पत्र पंजीयन की प्रक्रिया शेष है। अतः उपरोक्त सम्पत्ति के स्वत्व, आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, व्यक्तियों, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभागो, बैंक, वित्तीय संस्थाओं एवं निकायों को किसी भी प्रकार का उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से 15 (पंद्रह दिनों के अंदर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज में नीचे लिखे पते पर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर देवें, बाद म्याद हमारे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जायेगा । तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अवैध एवं शून्य होने से हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सो सूचना जाने ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक - 18.09.2025

भवदीय
ब्यास देव भोई, रमेश साहू, सागर क्षत्रिय, सौरभ भोई, विवेक परमार, शिवांक भोई (अधिवक्तागण)
ईश्वरी प्लाजा, जी. ई. रोड़, आनन्द नगर, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) मो.नं.- 9039640754

**// आम सूचना //**

ग्राम- धनसुली, प.ह.नं.- 02, रा.नि.मं.- चंदखुरी, तहसील मंदिर हसौद व जिला- रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं.- 283/1 रकबा 0.370 हे., कृषि भूमि के संबंध में।

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार द्वारा पुनौतीन पिता सदाराम निवासी- धनसुली मंदिर हसौद रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं.- 283/1 रकबा 0.370 हे. कृषि भूमि स्थित ग्राम- धनसुली, प.ह.नं.- 02, रा.नि.मं.- चंदखुरी, तहसील मंदिर हसौद व जिला - रायपुर (छ.ग.) भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है, केवल विक्रय पत्र पंजीयन की प्रक्रिया शेष है। अतः उपरोक्त सम्पत्ति के स्वत्व, आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, व्यक्तियों, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभागो, बैंक, वित्तीय संस्थाओं एवं निकायों को किसी भी प्रकार का उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से 15 (पंद्रह दिनों के अंदर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज में नीचे लिखे पते पर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर देवें, बाद म्याद हमारे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जायेगा । तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अवैध एवं शून्य होने से हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सो सूचना जाने ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक - 18.09.2025

भवदीय
ब्यास देव भोई, रमेश साहू, सागर क्षत्रिय, सौरभ भोई, विवेक परमार, शिवांक भोई (अधिवक्तागण)
ईश्वरी प्लाजा, जी. ई. रोड़, आनन्द नगर, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) मो.नं.- 9039640754

**// आम सूचना //**

ग्राम- धनसुली, प.ह.नं.- 02, रा.नि.मं.- चंदखुरी, तहसील मंदिर हसौद व जिला- रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं.- 283/2 रकबा- 0.200 हे., कृषि भूमि के संबंध में ।

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती निर्मला सोनवानी पति तुलसी राम निवासी- चौरहाडीह, पोस्ट- फरफौद, मंदिर हसौद रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं.- 283/2 रकबा 0.200 हे. कृषि भूमि स्थित ग्राम- धनसुली, प.ह.नं.- 02, रा.नि.मं.- चंदखुरी, तहसील मंदिर हसौद व जिला- रायपुर (छ.ग.) भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है, केवल विक्रय पत्र पंजीयन की प्रक्रिया शेष है। अतः उपरोक्त सम्पत्ति के स्वत्व, आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, व्यक्तियों, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभागो, बैंक, वित्तीय संस्थाओं एवं निकायों को किसी भी प्रकार का उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से 15 (पंद्रह दिनों के अंदर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज में नीचे लिखे पते पर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर देवें, बाद म्याद हमारे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जायेगा। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अवैध एवं शून्य होने से हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सो सूचना जाने ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक - 18.09.2025

भवदीय
ब्यास देव भोई, रमेश साहू, सागर क्षत्रिय, सौरभ भोई, विवेक परमार, शिवांक भोई (अधिवक्तागण)
ईश्वरी प्लाजा, जी. ई. रोड़, आनन्द नगर, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) मो.नं.- 9039640754

**न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
**संदर्भ :- जिला- रायपुर तहसील- रायपुर प.ह.न.- 00067 पुरेना ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202425440725300315**

**// ईश्तहार //**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00067 के अंतर्गत ग्राम पुरेना के वर्तमान भूमिस्वामी विजय रंगवानी, अजय रंगवानी पिता/पति मोहनलाल रंगवानी पता- तेलीबांधा रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 269/94 (0.0112) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता रतन जैसवानी पिता/पति आसुदामल जैसवानी पता महावीर नगर रायपुर छत्तीसगढ़ के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29/09/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/09/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
रायपुर










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



**खबर संक्षेप**



## किसान संघ ने सीएम नाम सौंपा ज्ञापन

**आरंग।** भारतीय किसान संघ ने किसानों की समस्याओ को लेकर मुख्यमंत्री के नाम समोदा उपतहसील में बिजली, खाद बोनस आदि के सम्बन्ध मे ज्ञापन सौंपा। जिसमें जिला मंत्री आलोक सिंह, संतोष सोनकर, दीनबंधु धुरंधर, बसंत साहू, शैलेन्द्र साहु, दुकलहा साहु, नागेन्द्र सिंह, संतोष चौहान, पंच राम धुरवशी, किशन बारले, सुदर्शन सिन्हा, गनपत वर्मा, शत्रुघ्न साहू, संदीप सोनकर, हरख पटेल, महिला दीदी आदि ने ज्ञापन सौंपा।

## उद्योगों को जलाशय और नहर पानी देने का विरोध

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष देवव्रत नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि मुझे प्राप्त जानकारी के अनुसार कोटा जमन नला से आयरन संयंत्र को 265 दिनों के लिए पानी का उपयोग करने का अनुबंध किया गया है, जिससे कि क्षेत्र में ग्राम के लोगों को निस्तार व पशु पालन में अत्यधिक परेशानी होगी, उपरोक्त नाला क्षेत्र के रायखेड़ा गैतरा से निकलकर ग्रामीणों के खेतों से बचत पानी के माध्यम से उपरोक्त नाला क्षेत्र के 25 गांव के लोगों का निस्तार का केंद्र बना हुआ है। उद्योग के द्वारा उपरोक्त नाले से 265 दिनों तक जब पानी का उपयोग किया जाएगा तो क्षेत्र में भुजल का स्तर नीचे हो जाएगा। अंचल के कृषक एक साथ संगठित होकर उपरोक्त अनुबंधों का विरोध करेंगे और सरकार को जन आंदोलन का सामना करना पड़ सकता है।

## भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति को किया विसर्जित

**कूंरा।** नगर पंचायत सहित धरसीवां क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायत धरसीवां , चरौदा , परसतराई , बरतनारा, तिवरैया , कपसदा , टाड़ा , मोहदी , गोढ़ी , नगरगांव , सिलतरा सहित आदि गांवों में भक्त जन शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा जी का मूर्ति स्थापित कर एवं उनके विधिविधान के साथ पूजा अर्चना कर और मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर विश्वकर्मा स्थापना दिवस को बड़े ही घूम धाम से मनाया गया । उनके ठीक दूसरे दिवस को बाजे गाजे के साथ बहते नदी के धार सोमनाथ धाम में विसर्जित किया गया ।

## समोदा में चलाया गया स्वच्छता अभियन

**आरंग।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर नगर पंचायत समोंदा में अति प्राचीन शिव मंदिर एवं मां महामाया मंदिर नदी किनारे स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमे मंदिर परिसर का साफ सफाई कर केक काटा गया।

**निधन**

## चेतन लाल ठाकुर

**आरंग।** गांधी चौक चूड़ी लाइन आरंग निवासी चेतन लाल ठाकुर (82) सेवानिवृत्त शिक्षक का निधन हो गया। वे प्रहलाद ठाकुर के पिताजी एवं राहुल, आशु, गौरव के दादाजी थे। उनके अंतिम कार्यक्रम में समाज के अतिरिक्त बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### निर्धारित समय के बाद भी देर रात तक खुला मिला, अन्य कई अनियमितता भी मिली

# एसएसपी के पत्र के बाद आबकारी ने हाईपर क्लब के विरुद्ध दर्ज किया प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आबकारी विभाग ने एसएसपी लाल उम्मेद सिंह के पत्र के बाद वीआईपी रोड क्षेत्र में संचालित हाईपर क्लब के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है। इस क्लब को निर्धारित समय के बाद भी देर रात तक खुला पाया गया था। इस दौरान यहां कई अनियमितताएं भी पाई गई थीं। इसके अलावा रायपुर नगर निगम क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक रेस्टॉरेन्ट, कैफे एवं ढाबा भी हैं, जहां देर रात तक कहीं शराब एवं भोजन परोसा जा रहा है। एसएसपी ने इस संबंध में नगर निगम कमिश्नर को पत्र लिखकर उनका गुमास्ता लाइसेंस निरस्त करने के लिए कहा है। हालांकि नगर निगम कमिश्नर विश्वदीप का कहना है कि गुमास्ता लाइसेंस संबंधित कार्य अब श्रम विभाग के पास है, इसलिए यह पत्र श्रम विभाग को भेजा जाएगा।

रायपुर जिले में अवैध शराब की बिक्री और तस्करी पर अंकुश लगाने के साथ नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं, इसकी जांच करने के लिए आबकारी विभाग की टीमें देर रात को निरीक्षण पर निकल रही हैं। इसके तहत होटल, बार, ढाबा, फार्म हाउस एवं रेस्टोरेंट की जांच करते हुए कार्रवाई की जा रही है। कुछ दिन पहले वीआईपी रोड क्षेत्र में संचालित हाईपर क्लब भी टीम रात करीब 12.30 बजे पहुंची। इस दौरान क्लब खुला हुआ था तथा अंदर शराब परोसी जा रही थी। इसके अलावा क्लब में अन्य कई अनियमितताएं भी पाई गई थीं। हालांकि इस मामले में विभाग ने क्लब के संचालक को नोटिस जारी किया था।




इसके अलावा भी शहर के अंदर एवं आउटर इलाकों में कई होटल, बार, ढाबा, फार्म हाउस एवं रेस्टोरेंट में निर्धारित समय के बाद भी रात में शराब एवं भोजन परोसा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार इसकी जानकारी होने पर एसएसपी ने कलेक्टर एवं नगर निगम कमिश्नर को हाईपर क्लब सहित आधा दर्जन से अधिक ऐसे होटल, बार, ढाबा, फार्म हाउस एवं रेस्टोरेंट के नाम की सूची तैयार कर इन सभी का लाइसेंस गुमास्ता निरस्त करने के लिए पत्र लिखा है। हालांकि आबकारी विभाग के जिला अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि हमारे पास जो पत्र आया है, उसमें सिर्फ हाईपर क्लब का नाम है। इसके तहत उसके विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर नोटिस जारी किया है।

### इनका गुमास्ता निरस्त करने से पहले जारी हो सकता है नोटिस

सूत्रों के अनुसार एसएसपी ने अपने पत्र में शफ किचिन रेस्टॉरेन्ट मरीन ड्राइव, कैफे केप वाइस मरीन ड्राइव, एमपी किचन जोरा, स्नोबैरी आईसलैण्ड मरीन ड्राइव, शाबा ढाबा विधानसभा रोड आमासिवनी, राजू ढाबा महासमुंद रोड, प्रिंस फैमिली ढाबा विधानसभा रोड के नाम की सूची नगर निगम कमिश्नर को भेजी हुई है। इस सूची को अब श्रम विभाग भेजा जाएगा। संभावना जताई जा रही है कि सूची में शामिल के संचालकों को पहले नोटिस भेजा जा सकता है।

### सूची भेजी गई है

निर्धारित समय के बाद भी देर रात तक खुलने वाले ढाबा, रेस्टॉरेंट, कैफे के नामों की सूची जिला एवं नगर निगम प्रशासन को भेजी गई है।

**- लाल उम्मेद सिंह,** एसएसपी रायपुर

### श्रम विभाग को फारवर्ड किया जाएगा

जो सूची आई है, उसे श्रम विभाग को फारवर्ड किया जाएगा। गुमास्ता लाइसेंस निरस्त करने का अधिकार अब श्रम विभाग के पास है।

**- विश्वदीप, कमिश्नर,** नगर निगम रायपुर

# बैहार में भगवान विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

बैहार में भगवान विश्वकर्मा जयंती में विश्वकर्मा का प्रतिमा स्थपना किया गया। रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच दूज के चंदा के वरिष्ठ एवं दिग्गज कलाकारों के द्वारा राम चरित मानस गान कथा अनुष्ठान की प्रस्तुति दी गई। सुबह डीजे पर एक से बढ़कर एक बज रहे सुमधुर संगीत, भजनों पर एवं जयघोष के बीच श्रद्धालु झूमते रहे।

इस अवसर पर आदर्श इलेक्ट्रिकल्स के संचालक शब्दशरण साहू एवं माही टेंट हाऊस, साउंड सर्विस एवं लाइट डेकोरेशन के संचालक मिथलेश साहू के द्वारा दूज के चंदा के कलाकार संचालक जोगेंदर सिंह ठाकुर, मुख्य गायक श्याम लाल साहू, लोकगायिका जया देवांगन, उद्घोषक एवं व्याख्याकार नारद लाल साहू (पूर्व जनपद सदस्य), ढोलक/नाल वादक याददास मानिकपुर, तबला वादक रामबिशाल पैकरा, ऑक्टोपैड विष्णु साहू, हारमोनियम डॉ. हेमंत साहू को मस्तक में तिलक लगाकर पोषक, श्रीफ़ल, गमछा भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा ग्रामीण एकता युवा संगठन के अध्यक्ष चंद्रविजय साहू, संचालक शब्दशरन साहू ने तैयार किया। कार्यक्रम में शिवकुमार, व्यवस्थापक संतोष साहू, किशन साहू, रुस्तम बंजारे, मनीष बंजारे, किशोर यादव, अश्वनी साहू, भूपेश दीवान, वेदराम साहू सहित गणमान्य एवं वरिष्ठ नागरिक गण, माताएं एवं बहने उपस्थित थे।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर तूता में किया पौधारोपण




**अभनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस अवसर पर सेवा पखवाड़ा-2025 के तहत भाजपा अभनपुर मंडल अंतर्गत ग्राम तूता में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक इंद्रकुमार साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम नारंग, उपाध्यक्ष दीपक बैंस,मंडल अध्यक्ष भरत बैंस,जनपद उपाध्यक्ष खेलू साहू,महामंत्री गौरव शर्मा, सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल,जिला खनिज न्यास सदस्य राघवेन्द्र साहू शामिल रहे। इस मौके पर 2000 से अधिक पौधे लगाए गए, जिनमें मुख्य रूप से आम और नीम के पौधे शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर जनपद सदस्य संतराम साहू,किशन शर्मा, वरुण राठी, ज्ञान प्रकाश चंद्राकर, झड़ी राम पटेल, गोविंद साहू, रूपनारायण साहू, राजा राय,रामकृष्ण बैस,चेतन गुप्ता, धनेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# सगुनी डांस स्पर्धा में आर्यन ग्रुप कूंरा प्रथम



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सगुनी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जन जागरण युवा विश्वकर्मा समिति के तत्वावधान में रात्रिकालीन भव्य रिकार्डिंग डी जे डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में स्थानीय व छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से प्रतिभागी सम्मिलित हुए। रात भर चले कार्यक्रम में कलाकारों ने अपने गीतों व नृत्यों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में नृत्य की विविध विधाओं से सुसज्जित कलाकारों ने पारंपरिक गीतों व नृत्यों से छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की इंद्रधनुषी छटा बिखेरी। अंत में विजेता सभी टीमों को पुरस्कार भी प्रदान किया गया। सामूहिक विधा में आर्यन डांस ग्रुप कुंरा प्रथम, राजस्थानी डांस ग्रुप लखना द्वितीय, मानसी डांस ग्रुप सुंगेरा तृतीय व मीनाक्षी डांस ग्रुप सुंगेरा चतुर्थ स्थान प्राप्त किए। तो वहीं एकल और युगल विधा पर रितेश देवांगन कुंरा प्रथम, योगिता वर्मा रायपुर द्वितीय, बसंत चौहान कुम्हारी तृतीय व दिब्या निषाद बेमता चतुर्थ स्थान पर रहे। कार्यक्रम में अन्य आकर्षक पुरस्कार में बेस्ट डांसर पायल साहू लखना ,बेस्ट संगीत रूखमणी निषाद सगुनी, बेस्ट वेशभूषा पर लीला मानिकपुरी सगुनी ने कब्जा जमाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी थे।

# खाद की कालाबाजारी पर किसान संघ ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग




भारतीय किसान संघ के प्रदेश कार्यालय मंत्री दुर्गा प्रसाद पाल के नेतृत्व में किसानों का जत्था बुधवार को नायब तहसीलदार मंदिरहसौद को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश में किसानों के शोषण पर रोक लगाने व तत्काल समस्याओं के निराकरण की मांग की गई है।किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर त्वरित कार्रवाई नहीं की गई तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन में उल्लेखित 9 प्रमुख मांगों में खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाकर सहकारी समितियों में खाद का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाए। बिजली कटौती बंद की जाए तथा 'हाफ बिजली योजना' को तत्काल लागू किया जाए। सिंचाई रकबा बढ़ाया जाए और नहर का पानी अंतिम छोर के गांवों तक पहुँचाने की व्यवस्था हो। पिछली सरकार की न्याय योजना की बकाया चौथी किश्त की राशि दीपावली से पूर्व किसानों को दी जाए। धान खरीदी का समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 3280 रुपये किया जाए (जिसमें केंद्र सरकार द्वारा घोषित 180 रुपये की वृद्धि भी शामिल हो)। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 1 नवम्बर से प्रारंभ की जाए।

# बिजली बिल और कटौती के खिलाफ सौंपा ज्ञापन



**अभनपुर।** कनिष्ठ यंत्री विद्युत मंडल खोरपा में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बढ़ते बिजली बिल और दिन में 10 से 15 बार होने वाली अकारण बिजली कटौती के विरोध में ज्ञापन सौंपा। कांग्रेसजनों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि बार-बार बिजली कटौती से आम जनता, किसान और व्यवसायी वर्ग परेशान है। साथ ही बिजली बिल में लगातार हो रही बढ़ोतरी आम नागरिकों की जेब पर भारी पड़ रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त की जाए, अन्यथा आंदोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकमणि कोसले,छछानपैरी मंडल अध्यक्ष सेवक पटेल, खोरपा मंडल अध्यक्ष राजेश साहू,नीलकंठ साहू, हेमलाल धीवर, मनमोहन, नारद साहू, रामजी कुर्रे, रेवा चंदाने,दिनेश कोशले, नितेश साहू, चुन्नू साहू, बालकृष्ण साहू सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

# चरौदा में नाचा कलाकारों ने जीता दर्शकों का दिल



**आरंग।** बुधवार को ग्राम चरौदा में विश्वकर्मा जयंती को बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। ग्राम के श्री विश्वकर्मा मजदूर संघ ने विश्वकर्मा जी की प्रतिमा स्थापित कर विधिविधान से पूजा आराधना की तथा इस उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ी शतरंज नाच पार्टी मानपुर दर्रा की टीम को आमंत्रित किया। ग्रामीणों ने बताया रातभर नाचा कलाकारों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। लोग परिवार सहित रात भर नाचा का लुत्फ उठाते रहे। वहीं आयोजकों का कहना है नाचा विधा अब छत्तीसगढ़ की संस्कृति से विलुप्त होता जा रहा है। पहले नाचा मनोरंजन और सामाजिक संदेश का सशक्त माध्यम था। किंतु बढ़ते आधुनिकता और टीवी मोबाइल के प्रचलन से कलाकारों को काम नहीं मिल पाता।आज भी नाचा कलाकारों की जीवंत प्रस्तुति दर्शकों को भावविभोर कर देती है। इसलिए यहां नाचा कार्यक्रम को प्राथमिकता से आमंत्रित किया जाता हैं। वहीं बड़ी संख्या में ग्रामीण रातभर नाचा का लुत्फ उठाते रहे।

### सम्मान से विद्यार्थियों को मिलती है प्रेरणा

# कोसल साहित्य मंच ने छात्रों का स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

कोसल साहित्य कला मंच आरंग के तत्वाधान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन अरुंधती देवी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शैक्षिक हाल में किया गया। इस अवसर पर कवि गणों ने सामूहिक सरस्वती वंदना प्रस्तुत की एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद आरंग के अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन एवं अध्यक्षता कोसल साहित्य कला मंच के अध्यक्ष अनूपनाथ योगी ने की जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष रविंद्र रिंकू चंद्राकर की उपस्थिति रही। इस अवसर पर डॉ. संदीप जैन ने कहा कि नगर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है और उन्हें इन प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान करने में खुशी हो रही है। साथ ही उन्होंने खुद को आरंग के विकास के लिए सदैव तत्पर बताया। अतिथि रविंद्र चंद्राकर ने सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। मंच का प्रतिवेदन व्याख्याता माणिक लाल मिश्रा के द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता रीति सोनपिपरे एवं सहयोग व्याख्याता हरमन बघेल ने किया। इस अवसर पर कवियों ने अपनी काव्य कला से सबको प्रभावित किया एवं नगर के कक्षा पांचवी आठवीं दसवीं एवं बारहवी के प्रथम द्वितीय विद्यार्थियों को स्वर्गीय आर एस सोनपिपरे पूर्व तहसीलदार की स्मृति में प्रतीक चिन्ह सोनू मोनू पुस्तक भंडार की ओर से डायरी पेन एवं मोबाइल मास्टर संचालक की ओर से मेडल एवं नवकार ज्वेलर्स द्वारा रजत प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य हरीश शर्मा, हरेश दास प्राचार्य गांधी स्कूल, कवि जीआर टंडन, होरीलाल पटेल, कोषाध्यक्ष तेजराम यादव, तेजराम जलक्षत्री, हरीश दीवान, विनोद गुप्ता, सोहागा देवांगन, महेंद्र पटेल, प्रतीक तोड़े, गोपाल शुक्ला सहित विभिन्न विद्यालय आए हुए प्रतिभावान छात्र-छात्राएं, प्राचार्य, शिक्षक आदि की उपस्थिति रही। आभार प्रदर्शन मंच उपाध्यक्ष हरीश दीवान के द्वारा किया गया।




**पेज 11 के शेष...**

## डॉयल-112 की कई गाड़ियां...

राज्य में डॉयल-112 सेवा वर्ष का संचालन करने 2018 में टाटा और उससे जुड़ी एबीपी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को ठेका दिया गया था। वर्ष 2023 में इसका अनुबंध खत्म हो गया है। इसके बाद 6-6 माह एग्रीमेंट को बढ़ाया जाता रहा। वर्तमान में एबीपी ग्रुप एक्सटेंसन में डॉयल-112 में गाड़ियां संचालित करने का काम कर रहा है। डॉयल-112 सेवा में गाड़ियां संचालित करने टेंडर जारी करने के संबंध में विभागीय अफसरों से संपर्क करने पर कहा कि टेंडर जारी करने की प्रक्रिया शासन स्तर की है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस मुख्यालय ने डॉयल-112 सेवा के लिए शासन के पास प्रस्ताव बनाकर छह माह पहले भेज दिया गया है, जिस पर निर्णय लंबित है। अलबत्ता टाटा ग्रुप ने कॉल सेंटर समेत आईटी के जिन कामों को छोड़ा था, उसका जिम्मा सी-डैक केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स को दे दिया गया है। यह कंपनी सूचना मंत्रालय के अधीन काम करने वाली अर्धशासकीय संस्था है। कंपनी अभी देश के करीब एक दर्जन राज्यों में अपनी सेवाएं दे रही है। सी-डैक को कैबिनेट की बैठक में काम देने का निर्णय लिया गया है। सी-डैक को आईटी पार्ट का काम सभी 33 जिलों के लिए 23 करोड़ 26 लाख रुपए प्रतिवर्ष की दर पर दिया गया है।

## सरेंडर करने पहुंचे पूर्व आईएएस...

से जमानत मिल गई थी। ईडी ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। ईडी ने कोर्ट में बताया कि आरोपियों ने 2015 में दर्ज नान घोटाला मामले, गवाहों के साथ जांच को प्रभावित करने की कोशिश की थी। सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच जस्टिस सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा ने सुनवाई के बाद हाईकोर्ट से आलोक शुक्ला और अनिल टुटेजा को मिली अग्रिम जमानत को रद्द कर दिया। साथ ही कोर्ट ने ईडी के साथ ईओडब्लू की कस्टडी के लिए आदेश जारी किया है। **तीन महीने में जांच पूरी करनी है** :सुप्रीम कोर्ट ने ईडी तथा ईओडब्लू को जांच पूरी करने के लिए समय सीमा निर्धारित की है। कोर्ट ने ईडी को तीन महीने तथा ईओडब्लू को दो महीने के भीतर जांच पूरी करने आदेश दिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में है कहा कि पेंडिंग मामलों का निपटारा समय पर होना चाहिए।

**यह है नान घोटाला:** नान घोटाला फरवरी, 2015 में सामने आया था, जब एसीबी, ईओडब्लू ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली संचालित करने वाली नोडल एजेंसी नागरिक आपूर्ति निगम में से जुड़े अफसर, कर्मियों के दो दर्जन से ज्यादा ठिकानों में छापे की कार्रवाई की थी। छापे के दौरान 3.64 करोड़ रुपए जब्त किए गए थे। छापे के दौरान एकत्र किए गए चावल और नमक के कई नमूनों की गुणवत्ता की जांच की गई थी। दावा किया गया था कि वे घटिया और मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त थे।

## रायपुर से राजिम जाना हुआ...

रेल कनेक्टिविटी प्रदान करके सीधे लाभ पहुंचाएगी। बसों पर निर्भरता कम होगी और प्रति यात्रा 30-45 मिनट की बचत भी होगी।

**नई मेमू में सभी वर्गों ने किया सफर:** राजिम से रायपुर के बीच नई मेमू ट्रेनों फूलों से सजाया गया। ट्रेन के प्लेटफार्म पहुंचते ही लोग ट्रेन के साथ फोटो लेने लगे थे। इस दौरान यात्रियों ने ट्रेन के कोच में चढ़कर सुविधाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही रायपुर तक सफर भी किया। सभी वर्गों में नई मेमू को लेकर उत्साह नजर आया। ट्रेन राजिम से लेकर अभनपुर, केंद्री, सीबीडी होते ही मंदिर हसौद से रायपुर पहुंची। इस दौरान स्टेशन पर लोगों ने फूलों से ट्रेन का स्वागत किया।

**यह रहेगी समय सारणी:** यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने रायपुर से राजिम के बीच मेमू ट्रेन सेवा की समय सारणी घोषित कर दी है। यह ट्रेन रायपुर स्टेशन से सुबह 4:45 बजे रवाना होकर मंदिर हसौद (05:03—05:05 बजे), सी.बी.डी. पी.एच. (05:15—05:16 बजे), केंद्री (05:30—05:32 बजे), अभनपुर (05:43—05:45 बजे) और माणिकचौरी पी.एच. (05:56—05:57 बजे) पर ठहरते हुए 06:20 बजे राजिम पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में ट्रेन 06:45 बजे राजिम से प्रस्थान करेगी और माणिकचौरी पी.एच. (06:59—07:00 बजे), अभनपुर (07:13—07:15 बजे), केंद्री (07:26—07:28 बजे), सी.बी.डी. पी.एच. (07:41—07:42 बजे) तथा मंदिर हसौद (07:53—07:55 बजे) होते हुए सुबह 08:20 बजे रायपुर पहुंचेगी।

**अभनपुर लोकल ट्रेन का किया विस्तार:** संख्या 68760 रायपुर - अभनपुर मेमू (विस्तार) का परिचालन राजिम तक विस्तार किया गया है, जिसका समय रायपुर स्टेशन से 09:00 बजे को रवाना होकर , 09:18 - 09:20 बजे मंदिर हसौद , 09:30 - 09:31 बजे सीबीडी पीएच , 09:45 - 09:47 बजे केंद्री , 09:50 - 10:00 बजे अभनपुर, 10:11 - 10:12 बजे माणिकचौरी पीएच , 10:35 बजे राजिम पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 68761 राजिम - रायपुर मेमू (विस्तार ) का परिचालन विस्तार राजिम स्टेशन से 11:10 बजे को रवाना होकर, 11:24 - 11:25 माणिकचौरी पीएच, 11:38 - 11:40 अभनपुर स्टेशन, 11:51 - 11:53 बजे केंद्री, 12:06 -12:07 बजे सीबीडी पीएच, 12:18 - 12:20 बजे मंदिर हसौद, 12:45 बजे रायपुर पहुंचेगी।

## रेल मार्ग से आना-जाना...

विधायक अभनपुर इंद्र कुमार साहू समेत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महाप्रबंधक तरुण प्रकाश,मंडल रेल प्रबंधक दयानंद, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी सहित रेलवे अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शवगृह में लावारिस शवों...

आवंटित की थी, जहां गैर-सरकारी संगठन द्वारा 800 से अधिक लावारिस शवों का अंतिम संस्कार किया गया। कहा जा रहा है कि मिट्टी भरकर इस भूमि का दोबारा इस्तेमाल हो सकता है, लेकिन जिला प्रशासन ने इस बारे में अब तक कोई कदम नहीं उठाया है।

**सौंपनी होगी विस्तृत रिपोर्ट**

आयोग ने कहा, यह मानवाधिकार के गंभीर उल्लंघन का मामला है, क्योंकि मृतकों को भी अपने धर्म के अनुसार सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार का अधिकार है। आयोग ने इस सिलसिले में छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इसके पूर्व राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मृतकों की गरिमा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए वर्ष 2021 में एक परामर्श जारी कर कहा था कि आम स्वीकार्य वैधानिक नियम है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के अनुसार जीवन, उचित व्यवहार और गरिमा का अधिकार न केवल जीवित व्यक्तियों पर, बल्कि उनके मृत शरीर पर भी लागू होता है।

## खबर संक्षेप

### बिरगांव और उरला केंद्रों में किया व्हीलचेयर वितरण



रायपुर। आकांक्षा इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एम्पॉवरमेंट द्वारा बिरगांव और उरला केंद्रों में गुरुवार को व्हीलचेयर वितरण कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम मोटिवेशन इंडिया के प्रोजेक्ट स्वावलंबन के अंतर्गत किया गया, जिसे रंगूनवाला फाउंडेशन का सहयोग मिला। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने आकांक्षा संस्थान एवं मोटिवेशन इंडिया के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की, जो दिव्यांगजनों को आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता के साथ जीवन जीने के अवसर प्रदान करता है। आकांक्षा इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एम्पॉवरमेंट ने रंगूनवाला फाउंडेशन और मोटिवेशन इंडिया का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिरगांव नगर निगम महापौर नंदलाल देवांगन, सभापति कृपाराम निषाद के अलावा मुख्य प्रशासक ग्रामीण केंद्र सुरभि अग्रवाल तथा ग्रामीण केंद्र कार्यक्रम अधिकारी एवं मोटिवेशन को-ऑर्डिनेटर आकाश सोनकर, शशि ठाकुर, दुर्गा साहू, पद्मा चक्रधारी, स्टाफ सदस्य शामिल थे।

### शिविर में बांटी होम्योपैथिक प्रिवेंटिव दवाई



रायपुर। पचपेड़ीनाका स्थित दावड़ा कॉलोनी में जय जिनेंद्र ट्रस्ट और मेडिकेयर हॉस्पिटल के होम्योपैथिक विभाग द्वारा बुधवार को विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों को मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए निशुल्क होम्योपैथिक प्रिवेंटिव दवाइयां वितरित की गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य के पूर्व डीजीपी डीएम अवस्थी रहे, जबकि अध्यक्षता छत्तीसगढ़ शासन के लौह शिल्पकार मंडल के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने की। श्री अवस्थी ने अपने उद्बोधन में होम्योपैथी को एक प्रभावी चिकित्सा पद्धति बताते हुए कहा कि "यह न केवल असरदार है, बल्कि कई गंभीर बीमारियों में भी कारगर साबित होती है।"

### नरेश फिर बने कार्यकारी प्रांताध्यक्ष



रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के नरेश वाढेर को फिर से कार्यकारी प्रांताध्यक्ष बनाया गया। यह नियुक्ति संगठनात्मक हित में संघ के प्रांताध्यक्ष पवन शर्मा ने तत्काल प्रभाव से जारी की है। उनकी नियुक्ति होने पर प्रदेश के समस्त पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## निधन

### लियाकत बेग



रायपुर। शैलेंद्र नगर निवासी लियाकत बेग का 18 सितंबर को निधन हो गया। उन्हें मौदहापारा कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। वे स्व. मिर्ज़ा आलम बेग के पुत्र एवं आसिम बेग के पिता थे।

### जीएल शर्मा



रायपुर। ओम सोसाइटी सुंदर नगर निवासी जीएल शर्मा 96 (छटेरा वाले) का 18 सितम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 सितम्बर शुक्रवार को महादेव घाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे नन्द कुमार शर्मा के बड़े भाई एवं समरेंद्र शर्मा के बड़े पिता जी थे।

### जी. नागलक्ष्मी



रायपुर। गुढ़ियारी तिलक नगर निवासी जी. नागलक्ष्मी (86) का 18 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 सितंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे जया, गिरी, बाबा, गीता नायडू की माता थीं।

# शहरभर की प्रापर्टी का निगम कराएगा रीएसेसमेंट सर्वे, 10 कंपनियों ने दिखाई रुचि, दो दिन तक प्रेजेंटेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र स्थित शहरभर की प्रापर्टी का जल्द जीआईएस सर्वे होगा। इसमें प्रापर्टी का रीएसेसमेंट, नई प्रापर्टी का एसेसमेंट के साथ बेसिक मेप अपग्रेडेशन कार्य कराया जायेगा। इस कार्य के लिए नगर निगम ने ऑनलाइन टेंडर रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की। जिसमें देश भर के अलग-अलग स्थानों से 10 कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई है। इन कंपनियों में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, रांची, रायपुर की कंपनियां शामिल है। दो दिन तक संबंधित कंपनियां महात्मा गांधी सदन के सभागार में अपना प्रजेंटेशन दे रही हैं। मूल्यांकन के लिए 100 अंक रखा गया है।

नगर निगम रायपुर शहर का बेसिक मैप अपग्रेड कराने जा रहा है। इसमें पिछली बार हुये जीएसआई सर्वे के बाद शहरभर में अलग-अलग इलाकों में हुए नए निर्माण के साथ पुनर्निमाण की भी जानकारी अनुबंधित एजेंसी जुटायेगी। इस कार्य के लिए हाल ही में नगर निगम के आईटी सेल द्वारा इच्छुक कंपनियों से ऑनलाइन टेंडर कर रुचि की अभिव्यक्ति मंगाई। प्रापर्टी रीएसेसमेंट के सर्वे के लिए जिन 10 कंपनियों के प्रस्ताव प्राप्त हुये, उन कंपनियों के द्वारा दो दिन प्रस्तुतिकरण दिया जायेगा। इसकी शुरुआत गुरूवार से हुई, शुक्रवार को भी यह सिलसिला जारी रहेगा।

## सात सदस्यीय समिति करेगी मूल्यांकन, 100 अंक का मापदंड



### सात सदस्यीय समिति, मापदंड के लिए 100 अंक

प्रापर्टी रीएसेसमेंट सर्वे कार्य के लिए इच्छुक कंपनियों से प्रस्ताव मांगे गये हैं। इनके द्वारा दिये गये प्रेजेंटशन का मूल्यांकन निर्धारित मापदंड के अनुसार किया जायेगा। इसके लिए नगर निगम ने अधिकारियों की सात सदस्यीय कमेटी बनाई है। इसमें महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त विश्वदीप के साथ अपर आयुक्त, उपायुक्त राजस्व सहित आईटी शाखा के 2 जानकार समिति में सदस्य के रूप में शामिल हैं। दो दिन में 5-5 कंपनी बारी-बारी से अपना प्रेजेंटेशन समिति के समक्ष प्रस्तुत कर रही है। इसमें संबंधित कंपनियों से जीआईएस सर्वे की समय सीमा, कार्य करने का तरीका, परियोजना की समझ, गैर मूल्यांकित संपति का सर्वे कितने दिन में कर पायेंगे और इसमें नवाचार की स्थिति देखी जायेगी। यही नहीं, कार्य में पारदर्शिता का भी ध्यान रखा जाना है। प्रेजेंटेशन के दौरान जिन कंपनियों का प्रस्तुतिकरण सर्वश्रेष्ठ होगा और अपनी बेहतर पालिसी के साथ पूर्व में देश के महानगर में इस कार्य को सफलता पूर्वक संचालित कर चुकी हैं, उसे ध्यान में रखते हुए 100 अंक के आधार पर मूल्यांकन होगा। कुल मिलाकर अधिकारियों की सात सदस्यीय समिति सारे प्रस्ताव को देखेगी और उसके विभिन्न पहलुओं पर विचार कर मूल्यांकन कर रिपोर्ट देगी।

## निर्धारित समय के बाद भी देर रात तक खुला मिला, अन्य कई अनियमितता भी मिली

# एसएसपी के पत्र के बाद आबकारी ने हाईपर क्लब के विरुद्ध दर्ज किया प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आबकारी विभाग ने एसएसपी लाल उम्मेद सिंह के पत्र के बाद वीआईपी रोड क्षेत्र में संचालित हाईपर क्लब के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है। इस क्लब को निर्धारित समय के बाद भी देर रात तक खुला पाया गया था। इस दौरान यहां कई अनियमितताएं भी पाई गई थीं। इसके अलावा रायपुर नगर निगम क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक रेस्टॉरेन्ट, कैफे एवं ढाबा भी हैं, जहां देर रात तक कहीं शराब एवं भोजन परोसा जा रहा है। एसएसपी ने इस संबंध में नगर निगम कमिश्नर को पत्र लिखकर उनका गुमास्ता लाइसेंस निरस्त करने के लिए कहा है। हालांकि नगर निगम कमिश्नर विश्वदीप का कहना है कि गुमास्ता लाइसेंस संबंधित कार्य अब श्रम विभाग के पास है, इसलिए यह पत्र श्रम विभाग को भेजा जाएगा।

रायपुर जिले में अवैध शराब की बिक्री और तस्करी पर अंकुश लगाने के साथ नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं, इसकी जांच करने के लिए आबकारी विभाग की टीमें देर रात को निरीक्षण पर निकल रही हैं। इसके तहत होटल, बार, ढाबा, फार्म हाउस एवं रेस्टोरेंट की जांच करते हुए कार्रवाई की जा रही है। कुछ दिन पहले वीआईपी रोड क्षेत्र में संचालित हाईपर क्लब भी टीम रात करीब 12.30 बजे पहुंची। इस दौरान क्लब खुला हुआ था तथा अंदर शराब परोसी जा रही थी। इसके अलावा क्लब में अन्य कई अनियमितताएं भी पाई गई थीं। हालांकि इस मामले में विभाग ने क्लब के संचालक को नोटिस जारी किया था। इसके अलावा भी शहर के अंदर एवं आउटर इलाकों में कई होटल, बार, ढाबा, फार्म हाउस एवं रेस्टोरेंट में निर्धारित समय के बाद भी रात में शराब एवं भोजन परोसा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार इसकी जानकारी होने पर एसएसपी ने कलेक्टर एवं नगर निगम कमिश्नर को हाईपर क्लब सहित आधा दर्जन से अधिक ऐसे होटल, बार, ढाबा, फार्म हाउस एवं रेस्टोरेंट के नाम की सूची तैयार कर इन सभी का लाइसेंस गुमास्ता निरस्त करने के लिए पत्र लिखा है। हालांकि आबकारी विभाग के जिला अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि हमारे पास जो पत्र आया है, उसमें सिर्फ हाईपर क्लब का नाम है। इसके तहत उसके विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर नोटिस जारी किया है।





### इनका गुमास्ता निरस्त करने से पहले जारी हो सकता है नोटिस

सूत्रों के अनुसार एसएसपी ने अपने पत्र में शफ किचिन रेस्टॉरेन्ट मरीन ड्राइव, कैफे केप वाइस मरीन ड्राइव, एमपी किचन जोरा, स्नोबैरी आईसलैण्ड मरीन ड्राइव, शाबा ढाबा विधानसभा रोड आमासिवनी, राजू ढाबा महासमुंद रोड, प्रिंस फैमिली ढाबा विधानसभा रोड के नाम की सूची नगर निगम कमिश्नर को भेजी हुई है। इस सूची को अब श्रम विभाग भेजा जाएगा। संभावना जताई जा रही है कि सूची में शामिल के संचालकों को पहले नोटिस भेजा जा सकता है। इसके बाद भी अगर देर रात तक शराब या भोजन परोसते पाया गया, तो गुमास्ता लाइसेंस निरस्त किया जा सकता है।

### सूची भेजी गई है

निर्धारित समय के बाद भी देर रात तक खुलने वाले ढाबा, रेस्टॉरेंट, कैफे के नामों की सूची जिला एवं नगर निगम प्रशासन को भेजी गई है।

**- लाल उम्मेद सिंह,** एसएसपी रायपुर

### श्रम विभाग को फारवर्ड किया जाएगा

जो सूची आई है, उसे श्रम विभाग को फारवर्ड किया जाएगा। गुमास्ता लाइसेंस निरस्त करने का अधिकार अब श्रम विभाग के पास है।

**- विश्वदीप, कमिश्नर,** नगर निगम रायपुर

## 20 से अधिक स्थानों पर लगा रहे एलईडी स्क्रीन

# गुरु तेगबहादुर के शहीदी शताब्दी पर आने वाली यात्रा का शहर में होगा भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- शहर के प्रवेश द्वार सेरीखेड़ी पर मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष करेंगे स्वागत
- नगर कीर्तन के लिए 30 से अधिक स्थानों पर बना रहे स्टेज, पुष्पावर्षा होगी

गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी शताब्दी पर असम के धुबरी साहिब से शुरू हुई यात्रा सराईपाली होते हुए रायपुर पहुंचेगी। इस यात्रा का शहर में भव्य स्वागत पुष्प वर्षा कर किया जायेगा। सेरीखेड़ी के पास भव्य स्वागत द्वार और दो बड़े स्टेज बनाए जा रहे हैं। मुख्य स्टेज पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित मंत्रिमंडल के सदस्य, विधायक, महापौर मीनल चौबे सहित प्रमुखजन मौजूद रहेंगे। दूसरे मुख्य स्टेज पर सिख समाज के प्रमुखजन गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

यात्रा के स्वागत के लिए रायपुर के सभी 18 गुरुद्वारा कमेटी के प्रमुखजन सरायपाली के पास से अगवानी कर शहर लेकर आयेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, बलदेव सिंह भाटिया ने संयुक्त पत्रकारवार्ता में इसकी जानकारी दी। अमरजीत छाबड़ा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि शहर में 20 से अधिक स्थानों पर एलईडी स्क्रीन लगाई जा रही है, जिसमें गुरु तेग बहादुर के जीवन इतिहास को दिखाया जाएगा। यात्रा के पूरे मार्ग पर साउंड सिस्टम के माध्यम से गुरुबाणी कीर्तन की मधुर वाणी चलती रहेगी।



यात्रा रायपुर के प्रमुख मार्ग तेलीबांधा मरीन ड्राइव, गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहिब, शंकर नगर चौक, गुरु तेग बहादुर उद्यान, घड़ी चौक, शास्त्री चौक, जयस्तंभ चौक, शारदा चौक, फूल चौक, आजाद चौक, आमापारा चौक, राजकुमार कॉलेज, अनुपम गार्डन, साइंस कॉलेज, यूनिवर्सिटी होते हुए महोबाबाजार से टाटीबंध गुरुद्वारे पहुंचेगी। रात्रि विश्राम के बाद 21 सितंबर को दुर्ग डोंगरगढ़ मार्ग से गोंदिया के लिए रवाना होगी।

# सरकारी विभागों ने आदेश के पांच साल बाद भी सोलर सिस्टम की खरीदी क्रेडा से नहीं की, लेकिन अब करनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ से सभी सरकारी विभागों, कलेक्टरों, जिला पंचायतों के सीईओ को अब से पांच साल पहले आदेश दिया गया था कि वे सौर ऊर्जा से संबंधित सभी खरीदी क्रेडा के माध्यम से करें, लेकिन किसी भी विभाग ने यह आदेश नहीं माना। अब सरकार ने एक बार फिर आदेश जारी किया है कि राज्य में गैर पारंपरिक ऊर्जा स्रोत आधारित योजनाओं का क्रियान्वयन क्रेडा के माध्यम से करें।

### ये है मामला

ऊर्जा विभाग ने पांच साल पहले अक्टूबर 2020 में प्रदेश के सभी विभागाध्यक्ष, सभी कलेक्टर और सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों (सीईओ) को आदेश दिया था कि वे प्रदेश में गैर पारंपरिक ऊर्जा परियोजनाओं का क्रियान्वयन क्रेडा के माध्यम से करवाए, लेकिन क्रेडा ने सरकार को बताया है कि गैर पारंपरिक उर्जा आधारित योजनाओं का क्रियान्वयन तथा गैर परंपरागत स्रोत आधारित उपकरण, उपस्कर की खरीदी अन्य विभागों द्वारा सीधे की जा रही है। इससे योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। इसकी वजह से शासन की छवि धूमिल हो रही तथा भारत सरकार से प्राप्त होने वाली वित्तीय सहयता से वंचित होने की आशंका बनी रही है।

### अब सरकार ने लिया ये फैसला

इस स्थिति के मद्देनजर राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि प्रदेश के सभी विभागो, जिलों में गैर पारंपरिक ऊर्जा योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक उपकरणों के क्रय, स्थापना तथा योजना के संचालन एवं संधारण का कार्य ''छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा के माध्यम से ही किया जाए। ये भी कहा गया है कि सभी विभागों के द्वारा अपने अधीनस्थ कार्यालयों को पालन सुनिश्चित किए जाने के लिए निर्देश जारी कर, सारे निर्देश की प्रति ऊर्जा विभाग को उपलब्ध कराए।

### इस काम के लिए हुआ है क्रेडा का गठन

सरकार ने अपने आदेश में कहा है कि राज्य में गैर पारंपरिक ऊर्जा स्रोत आधारित परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने तथा इन योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) का गठन किया गया है। भारत सरकार के नवीन एवं नवीनीकरण ऊर्जा आधारित योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए क्रेडा राज्य सरकार की एजेंसी है। राज्य या भारत सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए स्वीकृत वित्तीय सहायता, अनुदान के अधिक से अधिक उपयोग तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में बेहतर समन्वय के साथ-साथ एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए इन योजनाओं का क्रियान्वयन राज्य की अधिकृत एजेंसी क्रेडा द्वारा किया जाना आवश्यक है।

# 78 में 67 शराब दुकानें किराए में संचालित, जिनका किराया 20 हजार से सवा 2 लाख तक, अब 30 प्रतिशत तक होगा कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आबकारी विभाग ने निजी भवनों में संचालित शराब दुकानों का किराया कम कराने जारी किया आदेश

किराए के भवनों में चल रही शासकीय शराब दुकानों से शासन को हर महीने करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है। एक जिला रायपुर की बात करें, तो यहां कुल 78 शराब की दुकानें संचालित हैं। इनमें 11 सरकारी भवनों में तथा 67 दुकानें निजी भवनों में संचालित हैं, जिन्हें हर महीना आबकारी विभाग किराये के रूप में बड़ी राशि का भुगतान करता है। यह किराया भवन मालिक की मांग के अनुसार 20 हजार रुपए से लेकर सवा 2 लाख रुपए तक दिया जा रहा है। इस तरह हर महीने रायपुर जिले में ही लगभग 40 से 50 लाख रुपए किराया में जा रहा है। यह स्थिति प्रदेश के दूसरे जिलों में भी है। इस तरह निजी भवनों का किराया अब विभाग के लिए बोझ बनता जा रहा है। इस बोझ को कम करने के लिए आबकारी मुख्यालय ने सभी जिलों के लिए नया फरमान जारी किया है। इसके तहत अफसरों से कहा गया है कि वे भवन मालिकों से बातचीत कर अधिकतम 30 प्रतिशत तक किराया कम कराएं, जिससे विभाग को हर महीने किराए की राशि में भी बचत हो सके।





### कई गुना ज्यादा दिया जा रहा किराया

राजधानी रायपुर में 69 शराब दुकानें किराए के भवनों में संचालित हो रही हैं। इन सभी भवनों का किराया उनके मालिकों की उनकी मांग के अनुसार एग्रीमेंट के आधार पर दिया जा रहा है, जो कलेक्टर भाड़ा नियंत्रण दर से कई गुना ज्यादा है। कई भवन मालिकों से मोलभाव किए बगैर किराया तय कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड ने अपने आदेश में जिला अफसरों को कलेक्टर के भाड़ा नियंत्रण से किराया तय करने के लिए कहा है। इसके अनुसार प्रत्येक भवन का किराया अधिकतम 30 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है।

### मुख्यालय से आदेश मिला

मुख्यालय से आदेश मिला है, निजी भवनों में संचालित शराब दुकानों का किराया कम करना है। कलेक्टर भाड़ा नियंत्रण दर से किराया कम कराने के लिए भवन मालिकों से बातचीत की जाएगी।

**- राजेश शर्मा,** प्रभारी उपायुक्त, आबकारी रायपुर

### 20 दुकानों का किराया एक से दो लाख

जिले में निजी भवनों में संचालित लगभग 20 शराब दुकानें ऐसी हैं, जिनका किराया एक लाख से दो लाख रुपए तथा कुछ की उससे अधिक भी है। इनमें पंडरी बसस्टैंड स्थित शराब दुकान, गोलबाजार, लाखेनगर, मोवा, कटोरा तालाब, शंकरनगर, भाठागांव, तेलीबांधा सहित अन्य दुकानें हैं।

### भवन मालिक नहीं माने तो फिर से होगा टेंडर

विभाग ने जरूर 30 प्रतिशत तक किराया कम कराने के लिए आदेश जारी किया है, लेकिन इस आदेश को भवन मालिक मानेंगे या नहीं, यह आने वाला समय बताएगा, पर यह संभावना जरूर जताई जा रही है कि अगर भवन मालिक नहीं माने, तो विभाग विकल्प के रूप में दुकान के लिए दोबारा टेंडर निकाल सकता है।

### इन जगहों पर सरकारी भवनों में चल रही शराब दुकानें

सरकारी भवनों में कुल 11 शराब दुकानें चल रही हैं। इनमें आरंग में 2, खरोरा में 2, सिलतरा में 2, अभनपुर में 2, नवापारा में 2 तथा एक अन्य जगह पर संचालित है।

## पेज 11 के शेष

### डॉयल-112 की...

राज्य में डॉयल-112 सेवा वर्ष का संचालन करने 2018 में टाटा और उससे जुड़ी एबीपी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को ठेका दिया गया था। वर्ष 2023 में इसका अनुबंध खत्म हो गया है। इसके बाद 6-6 माह एग्रीमेंट को बढ़ाया जाता रहा। वर्तमान में एबीपी ग्रुप एक्सटेंसन में डॉयल-112 में गाड़ियां संचालित करने का काम कर रहा है। डॉयल-112 सेवा में गाड़ियां संचालित करने टेंडर जारी करने के संबंध में विभागीय अफसरों से संपर्क करने पर कहा कि टेंडर जारी करने की प्रक्रिया शासन स्तर की है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस मुख्यालय ने डॉयल-112 सेवा के लिए शासन के पास प्रस्ताव बनाकर छह माह पहले भेज दिया गया है, जिस पर निर्णय लंबित है। अलबत्ता टाटा ग्रुप ने कॉल सेंटर समेत आईटी के जिन कामों को छोड़ा था, उसका जिम्मा सी-डैक केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स को दे दिया गया है। यह कंपनी सूचना मंत्रालय के अधीन काम करने वाली अर्धशासकीय संस्था है। कंपनी अभी देश के करीब एक दर्जन राज्यों में अपनी सेवाएं दे रही है। सी-डैक को कैबिनेट की बैठक में काम देने का निर्णय लिया गया है। सी-डैक को आईटी पार्ट का काम सभी 33 जिलों के लिए 23 करोड़ 26 लाख रुपए प्रतिवर्ष की दर पर दिया गया है।

### सरेंडर करने पहुंचे...

से जमानत मिल गई थी। ईडी ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। ईडी ने कोर्ट में बताया कि आरोपियों ने 2015 में दर्ज नान घोटाला मामले, गवाहों के साथ जांच को प्रभावित करने की कोशिश की थी। सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच जस्टिस सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा ने सुनवाई के बाद हाईकोर्ट से आलोक शुक्ला और अनिल टुटेजा को मिली अग्रिम जमानत को रद्द कर दिया। साथ ही कोर्ट ने ईडी के साथ ईओडब्लू की कस्टडी के लिए आदेश जारी किया है।

### रायपुर से राजिम...

रेल कनेक्टिविटी प्रदान करके सीधे लाभ पहुंचाएगी। बसों पर निर्भरता कम होगी और प्रति यात्रा 30-45 मिनट की बचत भी होगी।

**नई मेमू में सभी वर्गों ने किया सफर**-राजिम से रायपुर के बीच नई मेमू ट्रेनों फूलों से सजाया गया। ट्रेन के प्लेटफार्म पहुंचते ही लोग ट्रेन के साथ फोटो लेने लगे थे। इस दौरान यात्रियों ने ट्रेन के कोच में चढ़कर सुविधाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही रायपुर तक सफर भी किया। सभी वर्गों में नई मेमू को लेकर उत्साह नजर आया। ट्रेन राजिम से लेकर अभनपुर, केंद्री, सीबीडी होते ही मंदिर हसौद से रायपुर पहुंची। इस दौरान स्टेशन पर लोगों ने फूलों से ट्रेन का स्वागत किया।

**यह रहेगी समय सारणी**-यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने रायपुर से राजिम के बीच मेमू ट्रेन सेवा की समय सारणी घोषित कर दी है। यह ट्रेन रायपुर स्टेशन से सुबह 4:45 बजे रवाना होकर मंदिर हसौद (05:03–05:05 बजे), सी.बी.डी. पी.एच. (05:15–05:16 बजे), केंद्री (05:30–05:32 बजे), अभनपुर (05:43–05:45 बजे) और माणिकचौरी पी.एच. (05:56–05:57 बजे) पर ठहरते हुए 06:20 बजे राजिम पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में ट्रेन 06:45 बजे राजिम से प्रस्थान करेगी और माणिकचौरी पी.एच. (06:59–07:00 बजे), अभनपुर (07:13–07:15 बजे), केंद्री (07:26–07:28 बजे), सी.बी.डी. पी.एच. (07:41–07:42 बजे) तथा मंदिर हसौद (07:53–07:55 बजे) होते हुए सुबह 08:20 बजे रायपुर पहुंचेगी।

**अभनपुर लोकल ट्रेन का किया विस्तार**-संख्या 68760 रायपुर - अभनपुर मेमू (विस्तार) का परिचालन राजिम तक विस्तार किया गया है, जिसका समय रायपुर स्टेशन से 09:00 बजे को रवाना होकर , 09:18 - 09:20 बजे मंदिर हसौद , 09:30 - 09:31 बजे सीबीडी पीएच , 09:45 - 09:47 बजे केंद्री , 09:50 - 10:00 बजे अभनपुर, 10:11 - 10:12 बजे माणिकचौरी पीएच , 10:35 बजे राजिम पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 68761 राजिम - रायपुर मेमू (विस्तार ) का परिचालन विस्तार राजिम स्टेशन से 11:10 बजे को रवाना होकर, 11:24 - 11:25 माणिकचौरी पीएच, 11:38 - 11:40 अभनपुर स्टेशन, 11:51 - 11:53 बजे केंद्री, 12:06 -12:07 बजे सीबीडी पीएच, 12:18 - 12:20 बजे मंदिर हसौद, 12:45 बजे रायपुर पहुंचेगी।

### रेल मार्ग से...

विधायक अभनपुर इंद्र कुमार साहू समेत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महाप्रबंधक तरुण प्रकाश,मंडल रेल प्रबंधक दयानंद, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी सहित रेलवे अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शवगृह में लावारिस...

आवंटित की थी, जहां गैर-सरकारी संगठन द्वारा 800 से अधिक लावारिस शवों का अंतिम संस्कार किया गया। कहा जा रहा है कि मिट्टी भरकर इस भूमि का दोबारा इस्तेमाल हो सकता है, लेकिन जिला प्रशासन ने इस बारे में अब तक कोई कदम नहीं उठाया है।

**सौंपनी होगी विस्तृत रिपोर्ट** -आयोग ने कहा, यह मानवाधिकार के गंभीर उल्लंघन का मामला है, क्योंकि मृतकों को भी अपने धर्म के अनुसार सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार का अधिकार है।

### ग्लोबल सरस्वती सम्मान से दावड़ा हुए सम्मानित



रायपुर। छत्तीसगढ़ शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट नेतृत्व और समाज निर्माण में योगदान के लिए दावड़ा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के संस्थापक प्रकाश दावड़ा को लोहाणा महापरिषद द्वारा आयोजित ग्लोबल सरस्वती सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान 14 सितंबर को अहमदाबाद के एयूडीए ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, शिक्षा मंत्री डॉ. कुबेरभाई दिंदोर, तथा संत डॉ. ज्ञानवत्सल स्वामी कार्यक्रम में शामिल हुए और श्री दावड़ा को ट्रॉफी, प्रमाणपत्र तथा नकद पुरस्कार देकर उनका अभिनंदन किया।

# चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने की वित्तमंत्री चौधरी से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की। इस दौरान व्यापारियों और उद्योग जगत से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई।

मुलाकात के दौरान श्री चौधरी ने चैंबर के पदाधिकारियों की बातों को ध्यान से सुना। उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के प्रति सकारात्मक रुख दिखाते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के साथ वित्तमंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान विभिन्न व्यापारिक चुनौतियों और सरकारी नीति से जुड़ी समस्याओं को विभागीय मंत्री के समक्ष रखा। चैंबर ने राज्य के आर्थिक विकास में व्यापारियों और उद्योगों की भूमिका पर सारगर्भित चर्चा की। इस दौरान चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने व्यापारियों की ओर से सरकार के साथ मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की।



इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा एवं उपाध्यक्ष जितेंद्र शादीजा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के बहाने पायलट ने कांग्रेसियों में भरा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस की वोटर अधिकार यात्रा और वोट चोर, गद्दी छोड़ की तीन दिन की यात्रा में सचिन पायलट ने कांग्रेसियों में उत्साह भरा। पायलट भिलाई के कार्यक्रम के बाद रायपुर पहुंचे और यहां से दिल्ली रवाना हो गए। रायगढ़ से शुरू हुए अभियान की सफलता से सियासत फिर तेज हो गई है। बिलासपुर के प्रदेश व्यापी आगाज के बाद प्रदेश में इसके खिलाफ माहौल बनाने में सफल रहे। यात्रा के अंतिम दिन राजनांदगांव, दुर्ग और भिलाई में पदयात्रा, हस्ताक्षर अभियान तथा जनसभाओं, बाइक रैली के साथ संपन्न हुई।

राहुल गांधी की पदयात्रा को लेकर पूरे देश में वोट चोरी पर माहौल बनाने सभी राज्यों में इस तरह का आयोजन कांग्रेस कर रही है। कांग्रेस अब आम लोगों तक इस मुद्दे को ले जाने का प्रयास कर रही है। छत्तीसगढ़ के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची की जांच कराई जा रही है। मतदाता सूची में गड़बड़ी और अन्य मामलों को सामने लाने का प्रयास कांग्रेस के नेता कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची में गड़बड़ी के तथ्य सार्वजनिक किए जा रहे हैं। ऐसे मामलों को परिणाम से जोड़कर वोट चोरी के आरोप लगाए जा रहे हैं। हस्ताक्षर अभियान और पदयात्रा के माध्यम से निर्वाचन आयोग को इसकी जांच के लिए मजबूर करने का प्रयास कांग्रेस कर रही है।

## कांग्रेस कार्यकर्ता उत्साहित

एआईसीसी के निर्देश पर प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के नेतृत्व में कांग्रेस लगातार जनता के बीच जाकर अपने पक्ष में समर्थन जुटाने का प्रयास कर रही है। पार्टी कार्यकर्ता इससे उत्साहित हैं और एकजुटता के साथ काम करने का संकल्प ले रहे हैं। राज्य विधानसभा, लोकसभा और नगरीय निकाय चुनाव में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस लोगों से संपर्क कर अपने जनाधार को बढ़ाने के प्रयास में है।




- पार्टी के सभी नेताओं को एक मंच पर लाने में रहे सफल, अंतर्कलह दूर करने का प्रयास
- तीन दिन के दौरे के बाद दिल्ली लौटे सचिन पायलट

## सरकार पर भी साधा निशाना

आठ जिलों में निकाली गई रैली के माध्यम से कांग्रेस ने राज्य और केंद्र सरकार के कामकाज पर भी निशाना साधा है। यहां की कानून व्यवस्था के साथ ही प्रशासनिक कामकाज पर भी अंगुली उठा रहे हैं। कांग्रेस संगठन में नियुक्ति को पूरा करने के पहले कार्यकर्ताओं की सक्रियता को भी देखने का प्रयास इसके बहाने किया गया। आने वाले समय में संगठन में जिला ब्लॉक में नियुक्ति होनी है। नियुक्ति में सक्रियता को आधार बनाया गया है, उस लिहाज से ये कार्यक्रम उनकी पहचान करने में सहायक होंगे।

## प्रदेश के बड़े कांग्रेस नेता हुए एकजुट

आठ जिलों में तीन तक हुई पदयात्रा और रैली के दौरान प्रदेश कांग्रेस के सभी बड़े नेता एक मंच पर दिखे। सचिन पायलट इसके माध्यम से यह संदेश देने में सफल रहे कि कांग्रेस में कोई अंतर्कलह नहीं है। सभी नेता एकजुट हैं। पदयात्रा की अगवाई प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सभी विधायकों के साथ सैकड़ों कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एम.के. केसरिया ने रायपुर शहर में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र-51 में जोन कमिश्नर कार्यलय क्रमांक-4 और 6 का भ्रमण कर संबंधित कार्यों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान बीएलओ द्वारा मतदाता सूची और गोश्वारों के रखरखाव की समीक्षा की।

### श्री शीतला माता मंदिर में 22 को ज्योति कलश स्थापना

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित प्राचीन ऐतिहासिक पुरातात्विक प्रसिद्ध सिद्धपीठ श्री शीतला माता मंदिर में शारदीय नवरात्रि अश्विन शुक्ल क्वांर मास में मनोकामना ज्योति कलश स्थापना व प्रज्वलन सोमवार 22 सितम्बर को सुबह 11.36 से 12.24 के मध्य शुभ मुहुर्त में किया जाएगा। मंदिर के पुजारी नीरज सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष रोग निवारण हेतु विशेष मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किया जाएगा।

### महंत तालाब की श्रमदान कर सफाई



**रायपुर।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड के महंत तालाब की सामूहिक श्रमदान कर वार्ड पार्षद रोनिता- प्रकाश जगत के नेतृत्व में सफाई करवाई गई। इस मौके पर वार्डवासी, सामाजिक कार्यकर्त्ता और नवयुवकों ने सरोवर को स्वच्छ रखने श्रमदान किया। जोन 7 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू की उपस्थिति में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

### सभापति ने किया निर्माण कार्य निरीक्षण

**रायपुर।** सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने दानवीर भामाशाह वार्ड के शशिबाला कन्या शाला में लोककर्म विभाग अतिरिक्त शाला भवन निर्माण के कार्य का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। सभापति ने जोन कमिश्नर एवं कार्यपालन अभियंता को नये अतिरिक्त शाला भवन का लोकार्पण करने आवश्यक प्रशासनिक तैयारी प्राथमिकता से शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिये। इससे आने वाले दिनों में शाला में छात्राओ को बैठक की अच्छी व्यवस्था के साथ शिक्षा की अच्छी सुविधा सहज प्राप्त हो सकेगी।

## हर सेक्टर में बरसेगी माता लक्ष्मी की कृपा

# नवरात्रि से दीपावली तक बाजार में बरसेंगे दस हजार करोड़ रुपए

### मकान भी खूब बिकेंगे

*नवरात्रि से ही रीयल एस्टेट में भी बूम आएगा। यह बूम दीपावली तक जारी रहेगा। एक अनुमान के मुताबिक रीयल एस्टेट में इस बार त्योहारी सीजन में हजार करोड़ से ज्यादा के कारोबार का अनुमान है। छोटे मकान जहां दस लाख तक के हैं, वहीं बड़े मकान एक करोड़ से ज्यादा के भी हैं। बिल्डर विजय नत्थानी के मुताबिक बिल्डिंग मटेरियल में जीएसटी कम होने के कारण नई योजनाओं के मकानों की कीमत कम होने के कारण इनकी भी बुकिंग होगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवरात्रि के प्रारंभ होते ही त्योहारी सीजन का आगाज होगा। प्रदेश में नवरात्रि से लेकर दीपावली तक पूरे एक माह तक हर सेक्टर पर जमकर लक्ष्मी की कृपा बरसेगी और बाजार में दस हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार होगा। सराफा और कपड़ा बाजार में जहां करीब तीन-तीन हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है, वहीं ऑटोमोबाइल सेक्टर में दो से ढाई हजार करोड़ का कारोबार होगा। रीयल एस्टेट में भी हजार करोड़ का कारोबार होगा। इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, फर्नीचर, बर्तन को मिलाकर दो हजार करोड़ के आसपास कारोबार होने की संभावना है।

त्योहारी सीजन का सही मायने में प्रारंभ नवरात्रि से ही होता है। इसके बाद लगातार त्योहार रहते हैं। ऐसे में नवरात्रि से ही हर सेक्टर के बाजार में लोग खरीदारी करने निकलते हैं। नवरात्रि में तो वाहन, कपड़ों, सोने-चांदी से लेकर हर तरह की खरीदी को शुभ माना जाता है। ग्राहक नवरात्रि के पहले दिन से ही राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर के बाजारों में खरीदारी करने के लिए पहुंचेंगे। नवरात्रि से ही जीएसटी में भी बड़ा बदलाव हो रहा है। ऐसे में इस बार बाजार ज्यादा गुलजार रहेगा।

### इलेक्ट्रॉनिक बाजार भी रहेगा गुलजार

इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार भी पूरे माह भर गुलजार रहेगा। एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, एलईडी से लेकर किचन के सामान, मोबाइल, फर्नीचर और बर्तनों को मिलाकर हजार से दो हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है। इस बार जीएसटी के कम होने के कारण इसका कारोबार भी ज्यादा होगा। लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक राजेश वासवानी के मुताबिक जीएसटी कम होने के कारण इस बार कारोबार बीते साल से 20 फीसदी ज्यादा होगा।



### तीन हजार करोड़ के बिकेंगे कपड़े

कपड़ों की नवरात्रि के पहले ही दिन से जमकर खरीदारी होगी। पंडरी कपड़ा बाजार एसोसिएशन के संरक्षक चंदर विधानी के मुताबिक, प्रदेश के शहरों के साथ आसपास के राज्यों के कारोबारी भी खरीदारी करने पहुंचते हैं। इसी के साथ लोकल ग्राहक भी जमकर खरीदारी करते हैं। दीपावली के बाद शादियों का सीजन भी रहेगा, ऐसे में अच्छी खरीदारी होगी। सीजन में ढाई से तीन हजार करोड़ का कारोबार पूरे छत्तीसगढ़ में रेडीमेड कपड़ों को मिलाकर हो जाएगा।

### एक लाख बाइक बिकने का अनुमान

*त्योहारी सीजन में नवरात्रि से वाहनों की बिक्री प्रारंभ होगी। त्योहारों में सबसे ज्यादा बाइक ही बिक्री होती है। आटोमोबाइल कारोबारियों के मुताबिक सीजन में दीपावली तक एक लाख बाइक बिकने का अनुमान है। इसकी कीमत ही करीब आठ सौ करोड़ हो जाएगी। जानकारों के मुताबिक कारों के साथ अन्य वाहनों को मिलाकर करीब आठ हजार वाहन बिकेंगे। साथ ही कामर्शियल वाहन भी बिकेंगे। सभी को मिलाकर करीब ढाई हजार करोड़ का कारोबार हो जाएगा। जीएसटी के कम होने कारण इस बार ज्यादा कारोबार होगा।*

### सबसे ज्यादा बिकेगा सोना

*इस समय सोने की कीमत लगातार आसमान पर जा रही है। इस साल कीमत एक लाख के पार होकर इस समय एक लाख 13 हजार हो गई है। धनतेरस तक कीमत एक लाख 15 हजार के पार जाने की संभावना है। ऐसे में लोग कीमत के कारण निवेश के लिए लगातार खरीदारी कर रहे हैं। पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर सबसे ज्यादा खरीदारी होगी। डेढ़ हजार करोड़ का कारोबार इन दो दिनों में ही हो जाएगा। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी के मुताबिक, दीपावली तक प्रदेश में तीन हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है। चांदी कारोबारीलक्ष्मी नारायण लाहोटी के मुताबिक, चांदी का कारोबार भी भरपूर होगा। चांदी में लोग निवेश करते हैं।*

# कांग्रेस हमेशा आदिवासी समाज को अपमानित करती है : केदार कश्यप




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कांग्रेस के भीतर भी आदिवासी नेता लगातार अपमानित हो रहे

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा की रायपुर संभाग की बैठक में प्रदेश के वन व सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा, विकास मरकाम ने अनुसूचित जनजाति मोर्चा को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया। विपक्ष में रहते हुए मोर्चा ने सरकार के खिलाफ लगातार मोर्चा खोल कर रखा और प्रदेश को लूटने वाली कांग्रेस की भूपेश सरकार ने हमेशा आदिवासी समाज को आपमानित करने का काम किया।

श्री कश्यप ने कहा, कांग्रेस के भीतर आदिवासी नेता लगातार अपमानित हो रहे हैं। कांग्रेस में कभी भी आदिवासी समाज की संवेदनाओं की चिंता नहीं की गई। अजजा मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह के नेतृत्व में संगठन को और मजबूती करने के लिए काम करना है। भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने कहा, मैं एक छोटे कार्यकर्ता के नाते पार्टी के कई मोर्चों पर काम करता रहा हूं। पार्टी ने मुझ पर आप सबके प्रतिनिधि के रूप में जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का विश्वास पार्टी नेतृत्व को दिलाता हूं। हम सब मिल कर मजबूत भाजपा और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करेंगे। छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने कहा, हमेशा भाजपा ने आदिवासी समाज का सम्मान किया है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका आज भरेंगी हुंकार धरनास्थल पर देंगी महाधरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- तूता धरनास्थल से महिला बाल विकास विभाग घेरने निकालेंगी रैली
- 8 सूत्रीय मांग को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराने होंगी एकत्रित

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच के आव्हान पर प्रदेशभर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका 19 सितंबर को नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर हल्ला बोल प्रदर्शन करेंगी। इस दिन प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्र को बंद कर तूता धरनास्थल पर महाधरना दिया जायेगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तृतीय श्रेणी शासकीय कर्मचारी का दर्जा और सहायिकाओं को चतुर्थ श्रेणी शासकीय कर्मचारी का दर्जा दिये जाने की मांग, महंगाई भत्ता, पेंशन, ग्रेच्युटी, केशलैस स्वास्थ्य योजना, समूह बीमा और डिजिटल कार्य के लिए मोबाइल या टेबलेट प्रदान करने, स्थान रिक्त होने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को पदोन्नत कर सुपरवाइजर और सहायिका को कार्यकर्ता के पद पर पदोन्नत करने की मांग को लेकर आंदोलन किया जायेगा। संघ की प्रांताध्यक्ष सरिता पाठक का कहना है, पांच दशक से आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत कार्यकर्ता और सहायिकाएं मूलभूत सुविधा और सम्मानजनक वेतन से वंचित हैं। छत्तीसगढ़ में 1 लाख से अधिक महिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के रूप में कार्यरत हैं।

हमने अपनी समस्याओं को लेकर विभागीय सचिव, संचालक और जिला कलेक्टर को भी पत्र दिया है, प्रत्यक्ष रूप से भेंट कर लंबित मांगों से अवगत भी कराया, लेकिन शासन की तरफ से कोई सार्थक पहल नहीं होने के कारण प्रदेश के 33 जिलों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकायें 19 सितंबर को तूता धरना स्थल पर जंगी प्रदर्शन करने जुटेंगी। इसके साथ ही धरनास्थल से नवा रायपुर स्थित महिला बाल विकास विभाग के घेराव करने रैली निकाली जायेगी।



### शासकीय दृष्टि-श्रवण बाधित स्कूल के बच्चों ने निकाली नशामुक्ति रैली

**रायपुर।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 17 से 22 सितंबर तक नशामुक्त भारत अभियान के तहत गुरुवार को मठपुरैना स्थित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ स्कूल में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान बच्चों ने नशामुक्ति रैली भी निकाली। कार्यक्रम में लगभग 223 छात्र-छात्राएं और विभागीय अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान विशेषज्ञों ने नशे के दुष्परिणाम और नशा छोड़ने के उपायों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में सभी उपस्थित लोगों ने नशामुक्त रहने का संकल्प लिया। विभागीय कलाकारों ने नशामुक्ति पर गीत प्रस्तुत कर संदेश दिया कि नशा व्यक्ति और उसके परिवार दोनों के जीवन को प्रभावित करता है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नशामुक्ति केंद्र, टाटीबंध में मनोचिकित्सक और दवाइयों की सुविधा उपलब्ध है। यहां आने वाले व्यक्तियों को सकारात्मक सोच अपनाकर नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया जाता है।

# तूता धरनास्थल से निकले एनएचएम कर्मियों को ब्रिज के पास रोका, राज्योत्सव स्थल को बनाया अस्थाई जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- हजारों कर्मचारियों ने अस्थायी जेल में दी गिरफ्तारी
- 10 सूत्रीय मांग को लेकर जेल भरो आंदोलन
- प्रदेशभर से जुटे हड़ताली कर्मचारी, जमकर नारेबाजी, प्रदर्शन कर निकाली रैली

नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर प्रदेशभर के एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारी गुरुवार को जुटे। धरनास्थल से जेल भरो आंदोलन के लिए निकाली गई रैली को पुलिस प्रशासन ने रेलवे ब्रिज के पास बैरिकेड लगाकर रोक दिया। इस दौरान संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद राज्योत्सव स्थल को अस्थायी जेल बनाया गया, जहां बड़ी संख्या में हड़ताली कर्मचारियों ने गिरफ्तारी दी।

दरअसल, प्रदेशभर के 16 हजार एनएचएम कर्मचारी दस सूत्रीय मांगों को लेकर महीनेभर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। सरकार ने 16 सितंबर तक हड़ताली कर्मचारियों को काम पर लौटने अंतिम अल्टीमेटम दिया। इसके बाद भी कर्मचारियों की हड़ताल जारी है। इधर सरकार ने एक्शन लेते हुए बलौदाबाजार जिले के 160 कर्मचारी और कोरबा जिले के 21 कर्मचारियों की सेवा खत्म कर दी है। वहीं सूरजपुर जिले के 594 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को काम पर लौटने एक माह का अल्टीमेटम देते हुए नोटिस जारी किया है। हालांकि सरकार के एक्शन लेने से पहले संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी सामूहिक इस्तीफा दे चुके हैं। विदित हो, स्वास्थ्य विभाग ने 3 सितंबर को 25 हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। इनमें संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संगठन के प्रदेश संरक्षक हेमंत सिन्हा, महासचिव कौशलेश तिवारी के नाम शामिल हैं। इसके बाद से एनएचएम कर्मचारियों का आंदोलन तेज हो गया है, इससे प्रदेशभर के शहरी और दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवायें काफी हद तक प्रभावित हुई हैं।




### 10 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन

*संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संविलयन, स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, 27 फीसदी वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती सीटों का आरक्षण, अनुकंपा नियुक्ति, सीआर सिस्टम में पारदर्शिता, मेडिकल व दूसरे लीव की सुविधा, स्थानांतरण नीति, न्यूनतम 10 लाख तक कैशलेस मेडिकल इंश्योरेंस की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। हालांकि सरकार ने इनकी 5 मांगों को पूरी करने मौखिक रूप से सहमति दी है, पर हड़ताली संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी लिखित आदेश जारी करने की मांग पर अड़े हैं।*

## बिजनेस साइट

### केनरा बैंक ने आयोजित किया वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर



**रायपुर।** अभनपुर विकासखंड के सोनपैरी ग्राम पंचायत में केनरा बैंक द्वारा वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। शिविर में केनरा बैंक के महाप्रबंधक धनंजय सिंह, क्षेत्रीय प्रमुख एसके शुक्ला, एसबीआई के दीपक अभिषेक, रिजर्व बैंक से अविनाश टोप्पो समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में ग्रामीणों, स्व-सहायता समूहों और अन्य लाभार्थियों ने री-केवाईसी, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा, जीवन सुरक्षा बीमा और अटल पेंशन योजना जैसी योजनाओं का लाभ उठाया। वित्तीय साक्षरता, साइबर सुरक्षा और सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। श्री सिंह ने ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाओं से जुड़ने और री-केवाईसी की आवश्यकता पर बल दिया। आयोजन में अन्य बैंकों जैसे एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक आदि के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

### ऊर्जा-कुशल प्रकाश व्यवस्था में एसआरयू के शोधकर्ताओं की बड़ी उपलब्धि




**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के विज्ञान संकाय के भौतिकी विभाग में शोधार्थी अजय नारायण साहू और एसोसिएट प्रोफेसर एवं पर्यवेक्षक डॉ. पीयूष झा ने पदार्थ विज्ञान और ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने श्वेत प्रकाश उत्सर्जक डायोड (डब्ल्यूएलईडी) के लिए यूरेशियम और डाइस्प्रोसियम डोप्ड फॉस्फोर विकसित किया है। यह शोध एल्सेवियर के प्रतिष्ठित शोध पत्र 'नेक्स्ट मैटेरियल्स' में प्रकाशित हुआ है। अध्ययन में बताया गया है कि यह नया फॉस्फोर बेहतर रंग प्रतिपादन क्षमता के साथ ऊर्जा की बचत करता है। डाइस्प्रोसियम आयन की मौजूदगी से डब्ल्यूएलईडी की चमक और गुणवत्ता में सुधार होता है। यह शोध ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण अनुकूल तकनीक की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।







हरिभूमि


रायपुर, शुक्रवार 19 सितंबर 2025

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



04



परफेक्ट दिखना चाहती हैं तो सीखें ...

## लाइव इवेंट

### आईटीआई में सातवें और आठवें चरण की काउंसिलिंग का शेडयूल जारी, 21 तक आवेदन



**रायपुर।** राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) में प्रवेश के लिए सातवें और आठवें चरण की काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। आईटीआई में रिक्त स्थानों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 21 सितंबर 2025 को रात्रि 11.59 बजे तक भरे जा सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट https://cgiti.admissions.nic.in/ पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पूर्व में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी यदि अगले चरण की काउंसिलिंग में शामिल होना चाहते हैं तो उन्हें अपने लॉगिन आईडी और पासवर्ड से अपनी प्रोफाइल, संस्था-व्यवसाय के प्राथमिकता क्रम का चयन पुनः करना होगा। इसके बिना उन्हें अगले चरण की काउंसिलिंग में शामिल नहीं किया जाएगा। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण द्वारा जारी काउंसिलिंग शेडयूल के अनुसार 21 सितंबर तक अभ्यर्थियों का पंजीयन ऑनलाइन किया जाएगा। 22 सितंबर को मेरिट सूची जारी की जाएगी। सातवें चरण की काउंसिलिंग के लिए 23 सितंबर को चयन सूची जारी होगी और 24 से 25 सितंबर तक अभ्यर्थियों को संस्थाओं में प्रवेश दिया जाएगा। इसी प्रकार आठवें चरण की काउंसिलिंग के लिए 26 और 27 सितंबर को चयन सूची जारी की जाएगी और 29 से 30 सितंबर तक अभ्यर्थियों को संस्थाओं में प्रवेश दिया जाएगा।

#### व्यापमं 21 सितंबर को लेगा स्टॉफ नर्स भर्ती परीक्षा

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत स्टॉफ नर्स के रिक्त पदों के लिए लिखित भर्ती परीक्षा रविवार 21 सितंबर 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों को निर्धारित समय के ढाई घंटे पहले पहुंचना होगा, जहां मेन गेट पर मेटल डिटेक्टर से परीक्षार्थियों की सम्पूर्ण जांच की जाएगी। फिर वीक्षकों द्वारा प्रवेश पत्र एवं कोई भी एक पहचान पत्र के सत्यापन जांच की कार्यवाही की जाएगी। परीक्षार्थियों को इंटरनेट से निकाला हुआ मूल प्रवेश पत्र जो साफ-सुथरा हो, लाना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थियों को हल्के रंग की हॉफ टी-शर्ट, हल्के कपड़े एवं पैरों में चप्पल पहनकर आना होगा। कान में किसी भी प्रकार के आभूषण जैसे बाली-झुमका आदि सख्त वर्जित हैं। साथ ही घड़ी, पर्स, मोबाइल, बेल्ट, जूता-मोजा, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, हाथ में कड़ी-धागे, कोई भी संचार का साधन, स्कार्फ, टोपी, चश्मा आदि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव 2025 का अग्रसेन धाम में हुआ भव्य शुभारंभ

# 'छोटे मियां-बड़े मियां' में पीढ़ियों के प्यार और संस्कार का चित्रण, पारंपरिक वेशभूषा और स्वाद की बिखरी महक

राजधानी के वीआईपी रोड स्थित अग्रसेन धाम में श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव-2025 का भव्य शुभारंभ किया गया। अग्रवाल सभा रायपुर द्वारा महाराजा अग्रसेन की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई जा रही है। इस अवसर पर शहर के 19 मोहल्ले की अग्रवाल सभा की सभी समितियों के संयुक्त तत्वावधान में श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव-2025 का आयोजन किया गया है। इसमें अग्रवाल सभा की सभी विंग के सदस्यों द्वारा विविध पारंपरिक व सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

### महातंबोला के साथ बैंड की धमाकेदार प्रस्तुति

अग्रवाल सभा अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने बताया कि श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव-2025 में महोत्सव समिति की महिला प्रतिभागियों ने ग्रैंड तंबोला का आयोजन कर आनंद दोगुना कर दिया। सभी समिति की प्रतिभागी महिला सदस्यों ने महातंबोला से कार्यक्रम को मनोरंजक बनाया। वहीं देर रात 8 बजे सतत्व बैंड की लाइव प्रस्तुति ने महोत्सव को फुल इंटरटेनिंग बनाया। लाइव बैंड म्यूजिक के साथ गीत-संगीत का समिति के सदस्यों ने खूब आनंद लिया।







**रायपुर।** अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, प्रचार प्रसार प्रभारी योगेश अग्रवाल, प्रमोद जैन ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन अग्रसेन जयंती के मुख्य कार्यक्रम की शुरुआत अग्रसेन धाम में समारोह के मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर, अतिविशिष्ट अतिथि गौरीशंकर अग्रवाल पूर्व विस अध्यक्ष, राजीव अग्रवाल, अध्यक्ष सीएसआईडीसी ने महाराजा अग्रसेन को माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दोपहर 3 बजे से समिति के सदस्यों द्वारा विविध सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गईं। अतिथियों ने शाम 6.30 बजे समारोह का शुभारंभ किया। वहीं रात 8 बजे म्यूजिकल बैंड की शानदार प्रस्तुति दी गई। सभी सदस्यों ने प्रथम दिन महोत्सव के सफल शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लिया और सांस्कृतिक गतिविधियों का आनंद उठाया।

### समिति के ये पदाधिकारी रहे उपस्थित

अग्रवाल सभा अध्यक्ष विजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर अग्रवाल महिला मंडल युवा मंडल, युवती मंडल लगातार महोत्सव में सहायोग कर रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष विजय अग्रवाल सहित महामंत्री मनमोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, जेपी अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, प्रचार प्रसार प्रभारी योगेश अग्रवाल, प्रमोद जैन, कृष्ण कुमार अग्रवाल, हनुमानप्रसाद अग्रवाल, डॉ. कमलेश अग्रवाल, सतपाल जैन, रमेश अग्रवाल, हरिवल्लभ अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रेम अग्रवाल, मंत्री कमल अग्रवाल, विनय बजाज, मनोज अग्रवाल, संजय चौधरी, संजय अग्रवाल, संगठन मंत्री योगी अग्रवाल, जयंती प्रभारी आनंद गोयल, शोभा यात्रा प्रभारी कैलाश अग्रवाल, महिला मंडल अध्यक्ष ममता अग्रवाल, महामंत्री राजरानी बंसल, युवा मंडल अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, महामंत्री वेदांत अग्रवाल, युवती मंडल अध्यक्ष कंचन अग्रवाल, महामंत्री श्रद्धा अग्रवाल अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहे।



*अग्रसेन जयंती पर पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन भवन में समिति के महिला सदस्यों ने फैंसी ड्रेस स्पर्धा, रंगीली जैसे विविध कार्यक्रमों में भाग लिया।*

### 19 मोहल्लों की समितियां ले रहीं भाग

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा अशोक रत्न, अवंति विहार, भाठागांव, चौबे कॉलोनी, देवेंद्र नगर, फाफाडीह, गीतांजलि नगर, गुढ़ियारी, कचना, विधानसभा, कोटा, मोवा, कापा, पुरानी बस्ती, रामसागर पारा, सदरबाजार, समता कॉलोनी, संतोष नगर, कमल विहार, शैलेंद्र नगर, शंकर नगर, टाटीबंध सहित सभा के 19 मोहल्लों को सम्मानित किया गया।





### इन सांस्कृतिक गतिविधियों से जमाया रंग, दिखाया हुनर

महिला मंडल अध्यक्ष ममता अग्रवाल ने बताया कि महिलाएं, बच्चे, बड़े सभी प्रतिभागियों द्वारा विविध सांस्कृतिक गतिविधियों में जमकर रंग जमाया। इसमें चावल की टोकरी, जिसमें प्रतिभागियों ने चावल से वेज पुलाव, मंचूरियन राइस के साथ मेक्सिकन राइस से पूरे सभागार में चावल की खुशबू फैला दी। साथ ही छोटे मियां बड़े मियां बचपन से बुढ़ापे तक का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने दादा-दादी के साथ पोता-पोती, नाना-नानी के साथ दोहता-दोहती की जोड़ी ने मारवाड़ी भाषा में नृत्य नाटक एवं मिमिक्री से सब का मन मोह लिया। साथ भारतीय वेशभूषा एवं सभ्यता, जिसमें प्रतिभागियों ने साड़ी में कैट वॉक परिचय के साथ निर्णायक मंडल के प्रश्नों का जवाब देकर सभी को अचंभित किया।

## सिटी इवेंट

### लोकधारा ने सुनाई आल्हा उदल की वीरता की गाथा



**रायपुर।** संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से ग्राम अछोटी में लोकधारा का सांस्कृतिक कार्यक्रम गुरुवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम के सरपंच हीरा मार्कंडेय रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा ने किया। डॉ. वर्मा ने आल्हा गायन की परंपरा पर केंद्रित कार्यक्रम में बताया कि आल्हा और उदल छत्तीसगढ़ में नहीं जन्मे, मगर छत्तीसगढ़ के गांवों में आल्हागायन बहुत लोकप्रिय परंपरा है। यह वीर रस का काव्य है, जिसमें बताया गया है कि जो मृत्यु के भय से विजय पाता है, वही वीर बनता है। वीर युवावस्था में भी बलिदानी होकर अमर हो जाता है, यह संदेश है आल्हा का, इन्हें आल्हा के दोहे से समझा जा सकता है जैसे कि जाके बैरी सुख से सोवै, वाके जीवन को धिक्कार। यह मान्यता आल्हा के महाकवि की रही है। छत्तीसगढ़ के गांव-गांव में आल्हा गायक हैं, चौमासे में गांवों में आल्हा गायन किया जाता है। लोकधारा का यह प्रयास सफल और प्रशंसनीय है। सरपंच और मुख्य अतिथि हीरा मार्कंडेय ने बधाई देते हुए लोकधारा मंच का आभार व्यक्त किया।

#### आल्हा गायन ने दर्शकों को किया भावविभोर

आल्हा गायक संतोष परगनिहा, हीरा भारती, विनोद वर्मा, संजय पाण्डे, संकेत ठाकुर ने आल्हा गायन की शानदार प्रस्तुत से दर्शकों को भावविभोर किया। राजेंद्र साहू ने संस्था की ओर से शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर कलाकारों तथा अतिथियों का सम्मान किया। आभार व्यक्त करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि लोकधारा का प्रतिवर्ष अछोटी में कार्यक्रम होता है, यह ग्रामवासियों का स्नेह और कला प्रेम है। संस्था की ओर से संस्कृति विभाग के प्रति भी आभार व्यक्त किया गया।

### संगम मित्रों का आयोजन,1000 से अधिक रोटेरियन होंगे शामिल

**रायपुर।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस द्वारा 20 और 21 सितंबर को संगम मित्रों का आयोजन ओमाया गार्डन में किया जाएगा। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा से 1000 से अधिक रोटेरियन दंपति सदस्य एकत्रित होंगे। आयोजन के दौरान ही 100 से अधिक क्लब के अध्यक्ष अपना नया डिस्ट्रिक्ट गर्वनर को मतदान के माध्यम से चुनेंगे। साथ ही कार्यक्रम में मशहूर बॉलीवुड एवं टीवी कलाकार को आमंत्रित किया गया है। रोटरी सदस्यों द्वारा गीत-संगीत व नृत्य जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी द्वय रोटे. सोमनाथ अग्रवाल, रोटे. अजित खंडेलवाल, रोटे. सुशील रामदास अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट मैनेजमेंट टीम रोटे. नवीन भवसार के साथ अन्य रोटेरियन शामिल होंगे।





# डिग्री गर्ल्स में पूर्व छात्राओं का मिलन समारोह, अतीत की स्मृतियों और भविष्य की संभावनाओं ने हाथ मिलाया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्राओं का मिलन समारोह गुरुवार को अत्यंत उत्साह और आत्मीयता के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन न केवल पुनर्मिलन का अवसर बना, बल्कि एक ऐसा मंच भी बना, जहां अतीत की स्मृतियों और भविष्य की संभावनाओं ने हाथ मिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय की पूर्व प्राध्यापक डॉ. श्रद्धा गिरोलकर, आंजनेय विश्वविद्यालय की डायरेक्टर एवं पूर्व प्राध्यापक डॉ. संध्या वर्मा, पूर्व प्राध्यापक डॉ. मनीषा महापात्रा उपस्थिति रहीं।





### संस्थान की धरोहर हैं भूतपूर्व छात्राएं

प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल ने अपने वक्तव्य में कहा, भूतपूर्व छात्राएं किसी भी शैक्षणिक संस्थान की असली धरोहर होती हैं। उनकी उपलब्धियां और योगदान आज भी महाविद्यालय के लिए प्रेरणाश्रोत हैं। यह आयोजन साझेदारी और भविष्य की संभावनाओं को सशक्त करने का माध्यम है। समारोह में वर्ष 2000 से लेकर 2024 तक की लगभग 80 भूतपूर्व छात्राएं सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण प्रदर्शनी रहा, जहां वर्तमान और पूर्व छात्राओं द्वारा बनाई गई वस्तुओं को सजाया गया। इनमें मिलेट्स व्यंजन, हैंडलूम व घर पर बने पकवानों के स्टॉल सजाए गए।

# कैरियर की तैयारी और समय प्रबंधन पर दो दिवसीय सेमिनार



**रायपुर।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में बीबीए विभाग के विद्यार्थियों द्वारा 'कैरियर कैटेलिस्ट' शीर्षक से दो दिवसीय सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। सत्र के पहले दिन 'कैरियर की यात्रा का निर्माण प्रोफाइल से लेकर रिज्यूमे और साक्षात्कार तक' के विषय पर चर्चा हुई। जबकि दूसरे दिन 'समय का सद्उपयोग शैक्षणिक और कैरियर सफलता के लिए रणनीतियां' पर फोकस किया गया। इन दोनों दिन छात्रों ने कैरियर की महत्वपूर्ण जानकारियों के बारे में जाना।

### समय प्रबंधन की रणनीति पर चर्चा

सत्र का संचालन मास्टर माइंड्स के संस्थापक, सीईओ व कैरियर कोच मंदीप सिंह भाटिया ने किया। उन्होंने कैरियर विकास, प्रभावी रिज्यूमे निर्माण, साक्षात्कार की तैयारी और प्रभावी समय प्रबंधन रणनीतियों पर महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। सेमिनार में छात्रों ने अपने शैक्षणिक और पेशेवर विकास को बढ़ाने के लिए उत्सुकता दिखाई। कार्यक्रम में 250 से अधिक बीबीए छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## प्रगति कॉलेज में फिल्मी शोर से हटकर भक्ति के सुरों में सजा समारोह

कॉर्नर न्यूज


# सीनियर्स ने बदला वेलकम पार्टी का ट्रेंड, गीत शायरी छोड़ हनुमान चालीसा से किया स्वागत



**रायपुर।** आज की युवा पीढ़ी जहां एक ओर ग्लैमर की ओर तेजी से कदम बढ़ा रही है, वहीं दूसरी ओर अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ाव भी बड़ी खूबसूरती से बनाए हुए है। इसका एक खूबसूरत उदाहरण गुरुवार को प्रगति कॉलेज के फ्रेशर्स डे में देखने को मिला, जहां स्टाइलिश रैम्प वॉक और डीजे बीट्स से पहले हनुमान चालीसा के पाठ के साथ नवप्रवेशित छात्रों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रों ने "श्रीगुरु चरन सरोज रज, निज मन मुकुर सुधारि..." की पंक्तियों के साथ किया। पूरे सभागार में भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल बन गया, यह दृश्य अब बहुत कम ही संस्थानों में देखने को मिलता है।

### बेस्ट पर्सनैलिटी मेल-फिमेल का खिताब सत्यकाम और प्रेरणा को...

वेलकम पार्टी में पीजीडीसीए से बेस्ट पर्सनालिटी मेल-फिमेल देव सेन और दिव्या साहू, मिस्टर-मिस ईवनिंग साहिल कुमार और आयुषी साहू, मिस्टर-मिस फ्रेशर का खिताब निखिल साहू और भूमिका साहू को दिया गया। वहीं बीएससी से बेस्ट पर्सनैलिटी मेल-फिमेल सत्यकाम सोनी और प्रेरणा हेड़ाऊ बनीं। इस दौरान मिस्टर-मिस ईवनिंग तुकेश्वर देवांगन और रश्मि शर्मा, मिस्टर-मिस फ्रेशर के लिए अंशुमन दास और तानिया गोस्वामी को चुना गया।



**फाइनल ईयर के छात्र कुणाल की पियानो प्रस्तुति ने मोहा मन :** सांस्कृतिक कार्यक्रम में बीएससी फाइनल ईयर के छात्र कुणाल की पियानो प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। अद्भुत प्रस्तुति ने सभागार में मौकजूद दर्शकों का केंद्रित किया, जहां कार्यक्रम के दौरान लगातार तालियों की गुंज सुनने को मिली। इस दौरान जूनियर छात्रों ने फिल्टी कॉमेडी एक्ट और स्टैंड-अप कॉमेडी से छात्रों व शिक्षकों को खूब हंसाया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में ग्रुप डांस, संगीत, एवं वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा।

### ढोल की ताल पर जूनियर्स का स्वागत

जूनियर छात्रों के कॉलेज में एंट्री के साथ ही उनका स्वागत ढोल की ताल पर किया गया, जहां छात्र झूमते-गाते मस्ती भरे अंदाज में कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। कॉलेज के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा नवप्रवेशित छात्रों के स्वागत के लिए फ्रेशर्स-डे का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर जूनियर छात्रों के लिए आयोजित वेलकम पार्टी में उत्साह, उमंग और क्रिएटिविटी एक्ट का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस दौरान सभी पारंपरिक परिधानों में नजर आए, जहां गुरुओं ने महाविद्यालय के नए सफर की शुभकामनाओं से कार्यक्रम का सिलसिला आगे बढ़ाया। समारोह में प्राचार्या डॉ. सौम्या नैयर, विभागाध्यक्ष मन्नू रवानी की उपस्थिति रही।

**धर्म लाइव**

## छत्तीसगढ़ कॉलेज में कल जुटेंगे एलुमनी, सदस्यों को दी जिम्मेदारी



**रायपुर।** शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में राज्य स्थापना की रजत जयंती के उपलक्ष्य में पूर्व विद्यार्थियों का विशद सम्मेलन 20 सितंबर को आयोजित है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. तपेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की तैयारियां पिछले काफी समय से की जा रही हैं, जिसमें महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ एवं महाविद्यालय के एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सदस्य अपनी पूर्ण सहभागिता निभा रहे हैं। कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा एवं कार्यक्रम की गतिविधियों को पूर्ण रूप देने एक बैठक का आयोजन महाविद्यालय परिसर के कक्ष क्रमांक 43 में किया गया। प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिए अलग-अलग समितियों की घोषणा कर उनके दायित्वों से अवगत कराया।

### महाविद्यालय से जुड़े संस्मरण किए साझा

इसी क्रम में महाविद्यालय के एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष मृत्युंजय दुबे ने महाविद्यालय से जुड़े अपने संस्मरण साझा किए। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में विस्तार से चर्चा की एवं सभी से सहयोग की अपील की। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, एलुमनी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रमन पिल्लै, अजय श्रीवास्तव, सचिव फिलिप सेमुअल, संयुक्त सचिव प्रवीण चंद्राकर, कोषाध्यक्ष प्रदीप सिंह राजपूत एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। बैठक को प्राचार्य डॉ. गुप्ता एवं एलुमनी अध्यक्ष श्री दुबे ने संयुक्त रूप से संबोधित किया।

**धर्म लाइव**

## मैट्स विश्वविद्यालय में फ्रेशर्स पार्टी, स्टूडेंट्स ने मचाया धमाल



**रायपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। राजधानी के होटल ग्रैंड इम्पीरिया, वीआईपी रोड में भव्य फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। यह आयोजन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, रंगारंग कार्यक्रमों और उत्सव के पलों से भरपूर रहा, जिसमें नए छात्रों का मैट्स परिवार में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर जनरल प्रियांश पगारिया, रजिस्ट्रार गोकुलानंद पांडा तथा स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट स्टडीज के डीन डॉ. उमेश गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया, जिससे उनके सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त हो।

### छात्रों ने अपनी प्रतिभा का किया शानदार प्रदर्शन

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण टैलेंट राउंड और फैशन शो रहा, जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। इसमें मिस्टर फ्रेशर, मिस फ्रेशर, मिस्टर ईवनिंग, मिस ईवनिंग तथा मिस्टर एवं मिस दबंग और ड्रामेबाज जैसी उपाधियां प्रतिभाशाली प्रतिभागियों को प्रदान की गईं। सजीव नृत्य प्रस्तुतियों, संगीतमय कार्यक्रम और केक कटिंग सेरेमनी ने वातावरण को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। सीनियर छात्रों ने नए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और सहयोगी व समृद्ध शैक्षणिक यात्रा का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का समापन आभार व्यक्त करने के साथ हुआ और यह संकल्प लिया गया कि विश्वविद्यालय निरंतर एक ऐसा वातावरण प्रदान करेगा।

**समाज इवेंट**

## कॉलेज में लगाया रक्तदान शिविर छात्राओं ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा



**रायपुर।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत संत गोविंदराम शदाणी शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय में "रक्तदान महादान" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरुवार को कॉलेज परिसर में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीके वर्मा और डॉ. शीला दुबे ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेडक्रॉस से विशेषज्ञ डॉ. सत्यनारायण पांडे उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि रक्तदान से असंख्य जीवन बचाए जा सकते हैं। 18 से 60 वर्ष की आयु तक का प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति वर्ष में दो बार रक्तदान कर सकता है। वही रक्तदान से शरीर में नई रक्त कोशिकाओं के निर्माण की प्रक्रिया सक्रिय होती है। यह हृदय की कार्यक्षमता को बेहतर बनाता है और स्वास्थ्य को संतुलित रखने में सहायक होता है।

### रक्तदान कर दूसरों को नया जीवन दें

इस अवसर पर महाविद्यालय के कर्मचारी एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया। ऐसे में डॉ. भूमिराज पटेल, डॉ. किरण वर्मा, डॉ. कविता शर्मा, डॉ. रवि शर्मा, डॉ. बीडी थदलानी, डॉ. प्रभा वर्मा और डॉ. सुषमा तिवारी शामिल रहीं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने समय-समय पर रक्तदान करने एवं दूसरों को प्रेरित करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वे रक्तदान को जीवन का नियमित हिस्सा बनाएंगे और समाज में इसकी महत्ता को प्रचारित करेंगे।

**राजधानी के देवी मंदिरों में मनोकामना सिद्धि के लिए जगमगाएंगे ज्योति कलश**

# नवरात्रि पर माता के दरबार में जलेगी आस्था की ज्योति अमेरिका-ऑस्ट्रेलिया व जर्मनी से भक्तों ने कराया पंजीयन

*22 सितंबर से शारदीय नवरात्रि प्रारंभ होगी, ऐसे में सुबह 11 बजकर 26 मिनट से 12 बजकर 36 मिनट तक ज्योति कलश प्रज्ज्वलन की शुभ तिथि तय की गई है। सुबह से ही मंदिरों में घट पूजन की तैयारी निरंतर जारी रहेगी, जहां नवग्रह स्थापना, भूमिपूजन, ज्योति पूजन के बाद मां का भव्य श्रृंगार और प्रतिमा पूजन होगा। इस दौरान शहर के प्रमुख महामाया देवी मंदिर, कंकाली मंदिर, कालीमाता मंदिर और दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में ज्योति कलश की स्थापना कर मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की जाएगी।*

**रायपुर।** शारदीय नवरात्रि के नजदीक आते ही देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश का पंजीयन शुरू हो गया है। आमतौर पर नवरात्रि के पहले दिन ही पंजीयन का सिलसिला खत्म हो जाता है, लेकिन अब नवरात्रि के दिन भी सुबह 10 बजे तक ज्योति कलश प्रज्ज्वलन के लिए पंजीयन की सुविधा मंदिरों में दी जा रही है। इस बार शहर के साथ देश-विदेश से भी श्रद्धालु अपनी मनोकामना के अनुसार ऑनलाइन माध्यम से ज्योति कलश की बुकिंग करा रहे हैं। मंदिरों के सदस्यों ने बताया कि मंदिरों में ज्योति-कलश की सफाई, घी व तेल की खरीद और पूजन सामग्री की व्यवस्था जोर-शोर से की जा रही है।







### पंजीयन के लिए बढ़ रही भीड़, ऑनलाइन सुविधा भी

पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर से ट्रस्टी सूरज कुमार फुटान ने बताया कि इस वर्ष 11 हजार ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करने का लक्ष्य तय किया है, जिसमें अब तक सात हजार श्रद्धालुओं ने अपना पंजीयन कराया है। नवरात्रि के नजदीक आते ही लगातार पंजीयन का क्रम बढ़ता जा रहा है। ऐसे में अमेरिका, मॉरीशस और लंदन से भी भक्तों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया है। इस वर्ष रविवार को 12 बजे तक ही पंजीयन करने का अवसर दिया जाएगा।

### मंदिरों में सफाई, रंगरोगन और सजावट जारी

*आकाशवाणी चौक स्थित कालीमाता मंदिर ट्रस्ट के सचिव प्रो. डीके दुबे ने बताया कि 4100 ज्योति कलश का लक्ष्य तय किया है। अब तक 1800 के करीब पंजीयन हो चुके हैं। इस वर्ष नवरात्रि के प्रथम दिन तक पंजीयन करने की सुविधा श्रद्धालुओं को दी गई है, जो मंदिर परिसर में अपना पंजीयन करा सकते हैं। शनिवार को पितृ विसर्जन अमावस्या से पंजीयन का क्रम बढ़ेगा। नवरात्रि के पावन अवसर पर पूर्ण व्यवस्था के लिए शुक्रवार को ट्रस्ट के सदस्यों की बैठक आयोजित है, जिसमें नवरात्रि के 10 दिनों के धार्मिक अनुष्ठान एवं श्रृंगार पर चर्चा होगी।*

### 22 तारीख की सुबह 10 बजे तक पंजीयन की अनुमति

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर दंतेश्वरी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का महापर्व धूमधाम से मनाने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष यशवंत सिंह ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष नवरात्रि में 1700 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक लगभग एक हजार श्रद्धालुओं द्वारा पंजीयन कराया जा चुका है, जबकि नवरात्रि के करीब आते ही पंजीकरण की संख्या में तेजी देखी जा रही है। नवरात्रि के पहले दिन देवी दंतेश्वरी का विशेष स्वर्णाभूषणों से श्रृंगार किया जाएगा। वहीं सुबह 10 बजे तक ज्योति कलश के पंजीयन की अनुमति दी गई है।

### अमेरिका, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों से पंजीयन

कंकाली मंदिर के पुजारी आशीष शर्मा ने बताया कि शारदीय नवरात्रि पर 1100 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करने का लक्ष्य तय किया है, ऐसे में अब तक लगभग पांच सौ भक्तों ने पंजीयन कराया है। इस बार अमेरिका, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया जैसे कई देशों से भक्तों ने मनोकामना ज्योति कलश के लिए अपना पंजीयन ऑनलाइन कराया है। रविवि स्थित बंजारी मंदिर के पुजारी नरेंद्र गोस्वामी ने बताया, 1200 से अधिक ज्योति कलश का लक्ष्य तय किया है, जिसमें अब तक 750 पंजीयन हो चुके हैं।

## प्री-वेडिंग और रील शूट के लिए पसंद बनी पुरानी बस्ती, बनारस जैसी गलियों में यादगार फोटोशूट

**रायपुर।** शहर में फोटो शूट का ट्रेंड बढ़ा है। पहले केवल शादी में फोटो शूट का चलन जोरों पर था। समय के साथ स्टाइल में बदलाव आ जाता है। अब लोग शादी के पहले प्री-वेडिंग, पोस्ट वेडिंग, बर्थ-डे पार्टी, फैशन व इंफ्लुएंसर सोशल मीडिया के लिए फोटो शूट करने लगे हैं। अपने खास पलों को यादगार बनाने के लिए दूसरे शहर के बजाय अपने शहर की गलियों में फोटो शूट करा रहे हैं। लोग पहले गार्डन, झील, पैलेस, रिसॉर्ट व स्टूडियो का चयन करते थे, लेकिन अब फोटो शूट का स्टाइल बदल गया है। लोग अब शहर की पुरानी गलियों, मंदिरों, बाजार, दुकान, स्कूल, सड़क और चाय ठेलों का चयन कर रहे हैं। इस नए ट्रेंड को न सिर्फ युवा पीढ़ी पसंद कर रही, बल्कि प्रोफेशनल फोटोग्रॉफर को नए अंदाज में स्टोरी बताने का अवसर मिल रहा है। साथ ही उन्हें न्यू आइडियाज भी मिल जाते हैं अगले फोटो शूट के लिए। जहां लोग दूसरे शहर जाते थे, वहीं पुरानी गलियों का लुक पाने के लिए अब शहर के अहम हिस्से फेमस हो रहे हैं। हरिभूमि ने प्रोफेशनल फोटोग्रॉफर से इस संबंध चर्चा की, जिन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कई जगहों की जानकारी दी।





**पुरानी गलियों से लेकर चाय ठेलों तक बदला फोटोशूट का ट्रेंड, युवाओं को भा रहा नया स्टाइल**

### बॉलीवुड जैसे लुक के लिए ब्लू वाटर-सेंध लेक पसंद

खूबसूरत सनसेट में तस्वीरों के लिए फोटोग्राफर ब्लू वाटर व सेंध लेक का चयन करते हैं, ताकि बॉलीवुड जैसा नजारा मिल सके। साथ ही एस्थेटिक और विंटेज लुक के लिए इन जगहों का इस्तेमाल किया जाता है। प्रोफेशनल फोटोग्रॉफर गिरीश पंजवानी ने बताया कि प्राइस कस्टमर के लोकेशन और दिनों के हिसाब से तय किया जाता है। एक शूट के लिए 15 हजार से 50 हजार तक चार्ज किया जाता है। पूरा शूट कंप्लीट करने के लिए 6 से 8 मेंबर की जरूरत होती है और उसे 7 दिनों में एडिट कर कस्टमर को देते हैं। उन्होंने बताया कि कस्टमर 2 से 3 मिनट का काउंटडाउन वीडियो, यादों के लिए फोटो शूट करा रहे हैं।

**पुरानी बस्ती में बनारस का नजारा :** प्री-वेडिंग व रील शूट के लिए पुरानी बस्ती इलाके को खासा पसंद किया जा रहा है। यहां की गलियों में बनारस की झलक नजर आती है। दीवारों में पहाड़ व झरनों के दृश्य, रंगबिरंगे फूल-पत्ती, महादेव-पार्वती की पेंटिंग, दरवाजे के ऊपर खूबसूरती से चित्रकारी की गई है। इस जगह को देखने से दूसरा बनारस प्रतीत होता हैं। कपल्स अपनी यादों को रंगने बनारस जैसा लुक पाने यहां फोटो शूट करा रहे हैं। वहीं मॉडल्स उन गलियों को महसूस करने और लोगों को जोड़ने का काम रहे हैं। प्रोफेशनल फ्रीलांसर फोटोग्रॉफर देव साहू ने बताया कि इस जगह फोटो शूट करने वे सुबह 5.30 से 7.30 के बीच आते हैं, ताकि शांत माहौल में बेहतर फोटोग्रॉफी कर सकें। उन्होंने बताया कि सुबह के समय नेचुरल लाइट में फोटो की खूबसूरती बढ़ जाती है। रिक्शा में बैठे, चाय पीते व पुरानी बस्ती के गलियों के नजारे बनारस की कमी महसूस नहीं होने देते।



## छत्तीसगढ़ नगर दशहरा मैदान में 50 फीट का रावण एवं 35 का कुंभकर्ण-मेघनाथ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ नगर दशहरा मैदान में विजयादशमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए दशहरा मैदान में 50 फीट का रावण एवं 35-35 फीट के कुंभकर्ण एवं मेघनाथ के पुतले का दहन किया जाएगा। विशाल रावण दहन एवं भव्य आतिशबाजी की जाएगी। उसी तैयारी को लेकर विगत दिनों समिति के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में सदस्यों की बैठक रिंगरोड पचपेड़ी नाका स्थित एक होटल में बुलाई गई।

समिति के अध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि इस बार दशहरा पर्व पर 50 फीट के रावण एवं 35-35 फिट के कुंभकर्ण एवं मेघनाथ के पुतले का दहन किया जाएगा। रावण दहन के पहले रामायण मंडली के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन शाम पांच बजे से होगा। साथ ही असत्य पर सत्य की विजय का मंचन होगा। तत्पश्चात रावण दहन किया जाएगा और भव्य आतिशबाजी होगी।

### छत्तीसगढ़ी परंपरा के साथ पूरे बारहमासी त्योहार का मंचन

विजयदशमी उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें छत्तीसगढ़ी परंपरा के साथ पूरे बारहमासी त्योहार का मंचन होगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर समिति के सभी पदाधिकारियों के साथ नागरिक भी उपस्थित रहे। विजयादशमी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रमुख रूप से समिति के सदस्य झुमुक निषाद, एनके पटेल, रजत साहू, गोविंदा साहू, भगवत यादव, रवि त्रिपाठी, हेमू डेकाते, द्रोण साहू, चैतन्य साहू, राजेन्द्र विनायक, विजय साहू, गिरधर साहू, राजकुमार दुबे, विजय धनगर, ब्रह्मा सोनकर, ओम श्रीवास, नरेंद्र पाल, रोहित साहू, टिकू निर्मलकर, भारत साहू, कुंवर लाल, सचिन बघेल, राहुल धनगर, कमलेश साहू, दुर्गेश साहू, संजू साहू, पुरुषोत्तम वैष्णव, अशोक साहू, कृष्णा मानिकपुरी का सहयोग रहेगा।

**नवरात्रि उत्सव पर गरबा खेलने आकर्षक डांडिया स्टिक्स की बाजार में डिमांड**

# एलईडी, थ्री-डी, मीनाकारी, बंधनी और घंटियों वाली आकर्षक डांडिया स्टिक्स से गरबा डांस में जमेगा रंग

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** नवरात्रि उत्सव पर गरबा खेलने के लिए आकर्षक डांडिया स्टिक्स से बाजार सज गया है। गरबा नृत्य में डांडिया का प्रयोग किया जाता है, जो देवी दुर्गा और महिषासुर के युद्ध का प्रतीक है। लकड़ी की बनी रंगबिरंगी और सजावटी डांडिया स्टिक, जो अक्सर गुजरात के पारंपरिक 'बंधनी' कपड़े से सजी होती है, गरबा के लिए बहुत लोकप्रिय मानी गई है। गरबा डांस में डांडिया खेलने बच्चे, बड़े, युवा सभी एज ग्रुप के लोगों को देखा जा सकता है। शहर के गोलबाजार, राजेंद्र नगर, पुरानी बस्ती मेनरोड, रायपुरा चौक महादेवघाट रोड पर सजे रास गरबा ड्रेसेस व सजावटी समानों की शॉप में रंगबिरंगी, अलग-अलग साइज में आकर्षक डांडिया स्टिक्स बिक रही हैं। दुकानदार अजय अग्रवाल ने बताया कि वैसे तो गरबा डांस प्रतिभागी अपनी-अपनी पसंद व सुविधा के अनुरूप डांडिया स्टिक्स का चुनाव करते हैं। गरबा डांडिया डांस के मद्देनजर बाजार में सभी तरह की रेडिमेड डेकोरेटिव डांडिया स्टिक्स उपलब्ध हैं। इसके अलावा कुछ प्रतिभागी अपने हाथों से भी डांडिया स्टिक्स को थीम बेस्ड डेकोरेट करते हैं। गरबा में इस्तेमाल होने वाली डांडिया अक्सर रंगबिरंगे कपड़े गुजरात के बंधनी से सजाए जाते हैं, जो त्योहार को और भी जीवंत बनाते हैं। लकड़ी और एल्यूमीनियम से बने डांडिया उपलब्ध हैं। पुरुष, महिलाएं और बच्चे आसानी से ले जा सकें, इसलिए ये हल्के और उपयोग में आसान होते हैं। आकर्षक डांडिया गुजरात का अनुभव कराते हैं, जहां गरबा और डांडिया पारंपरिक रूप से खेले जाते हैं। रात को होने वाले गरबा और डांडिया नाइट्स के लिए लोग यहां से अपनी पूरी तैयारी में जुट हुए हैं।

### डांडिया स्टिक्स को रंगीन बनाने के तरीके

गरबा डांस मास्टर अतुल शर्मा ने बताया कि घर पर भी अपनी सादी डांडिया स्टिक्स को इन तरीकों से रंगीन बना सकते हैं। रिबन और घंटियां डांडिया पर रंगबिरंगी रिबन कसकर लपेटें और सिरों पर छोटी-छोटी घंटियां बांध दें। इससे नाचते समय मनमोहक आवाज भी आएगी। पेंटिंग ऐक्रेलिक या टेम्परा रंगों से डांडिया को पेंट करें। आप इस पर पारंपरिक डिजाइन जैसे बंधनी, लहरिया या फिर अपनी पसंद का कोई भी पैटर्न बना सकते हैं। मिरर वर्क छोटे-छोटे फॉइल मिरर या सजावटी शीशों को ग्लू से चिपकाकर अपनी डांडिया को आकर्षक बना सकते हैं। इसके चारों ओर 3D आउटलाइनर से डिजाइन भी बना सकते हैं। लेस और गोटा-पट्टी, रंगीन लेस, गोटा-पट्टी, या सितारों से डांडिया को सजाया जा सकता है। यह इसे एक शाही और भव्य रूप देता है। पोम-पोम और लटकन डांडिया के सिरों पर रंगीन पोम-पोम, मोती या छोटी सीपियों से बनी लटकन लगा सकते हैं, जो नाचते समय झूमते हुए बहुत खूबसूरत दिखती हैं।





### इतने प्रकार की डांडिया स्टिक्स

लकड़ी की डांडिया- यह सबसे पारंपरिक प्रकार है, जो आमतौर पर 12 से 18 इंच की होती है। इन्हें रंगीन बनाने के लिए पेंट, रिबन और गोटा-पट्टी जैसी सजावटी सामग्री का इस्तेमाल किया जाता है। सजावटी डांडिया- इन स्टिक्स को मीनाकारी, बंधनी जैसे पारंपरिक पैटर्न और डिजाइन से सजाया जाता है। ये खासतौर पर नवरात्रि के लिए तैयार की जाती हैं। एलईडी डांडिया आधुनिक समय में रंगबिरंगी रोशनी वाली एलईडी डांडिया स्टिक्स भी चलन में हैं, जो उत्सव में और चमक जोड़ती हैं। मेटल डांडिया- कुछ जगहों पर धातु, जैसे एल्युमीनियम या ऑक्सीडाइज्ड मेटल की डांडिया स्टिक्स भी इस्तेमाल होती है, जिन पर अलग-अलग कलाकृतियां बनी होती हैं।

### कीमत 50 से 200 रुपए तक जोड़ी

मार्केट में सामान्य डांडिया की कीमत 50 रुपए जोड़ी से शुरूआत है। इसके अलावा लाइट, मोतियों जड़ित डांडियां स्टिक्स की कीमत 200 रुपए जोड़ी बिक रही है। गरबा ड्रेसेस, सजावटी सामान की शॉप पर एक से बढ़कर एक आकर्षक डांडिया स्टिक्स उपलब्ध हैं, जहां गरबा ग्राउंड पर डांडिया डांस करने स्टिक्स के बिना काम नहीं चलता। ऐसे में गरबा डांस के प्रतिभागी अपनी मनपसंद डांडिया स्टिक्स बाजार से बजट के अनुसार खरीद रहे हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### क्रिकेट में एमपी ने छत्तीसगढ़ को 110 रनों से हरा दिया



रायपुर। कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसियेशन द्वारा डॉ के थिम्मापीयाह मेमोरियल आमंत्रण क्रिकेट टुर्नामेंट 04 सितंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की सीनियर टीम का तीसरा मैच (15 से 18 सितंबर) बैगलुरु में मध्य प्रदेश के विरुद्ध खेला गया। मध्य प्रदेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। मध्य प्रदेश ने अपनी पहली पारी में 92.4 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 276 रन बनाये। जिसमे अरशद खान ने सर्वाधिक 54 रन बनाये। उनके अतिरिक्त हर्षित यादव ने 53 रन तथा हर्ष गवली ने 50 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से आशीष चौहान ने 3 विकेट, रवि किरण, शशांक तिवारी तथा शाहबान खान ने 2-2 विकेट लिए।

छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 95.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 292 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से शशांक चंद्राकर ने शानदार शतक लगाते हुये 11 चौकों तथा 2 छक्कों की मदद से 103 रन बनाये। उनके अतिरिक्त ऋषभ तिवारी ने 68 रन तथा आशुतोष सिंह ने 54 रनों का योगदान दिया। मध्य प्रदेश की ओर से अरशद खान ने 3 विकेट, अधीर प्रताप सिंह ने 3 विकेट तथा सागर सोलंकी ने 2 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन से आगे खेलते हुये मध्य प्रदेश ने अपनी दूसरी पारी में 69 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 214 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। मध्य प्रदेश की ओर से ऋषभ चौहान ने 69 रन तथा हर्षित यादव ने 59 रन बनाये। वहीं छत्तीसगढ़ की ओर से शशांक सिंह तथा शशांक तिवारी ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। 199 रनों के पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम 37 ओवरों में केवल 88 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। छत्तीसगढ़ की ओर से अराफात खान ने सर्वाधिक 30 रन बनाये। वहीं मध्य प्रदेश की ओर से अधीर प्रताप सिंह ने 5 विकेट लिए। मध्य प्रदेश ने मैच 110 रनों से जीत लिया।

### ऑल इंडिया टेनिस में छत्तीसगढ़ के आरिज को मिली खिताबी जीत



रायपुर। ओड़िशा टेनिस एसोसिएशन द्वारा साक्षी गोपाल में आयोजित ऑल इंडिया टेनिस टूर्नामेंट चैंपियनशिप सीरीज अंडर 16,18 में छत्तीसगढ़ के मो.आरिज को दोहरी सफलता मिली। उन्होंने अंडर-16 सिंगल्स फाइनल में वेस्ट बंगाल के सैयद फैज़ान को 6-1,6-2 से हराकर ख़िताब जीता, अंडर 18 सिंगल्स के फाइनल में आरिज़ महाराष्ट्र के अर्णव चौधरी से 5-7,3-6 से हारकर उपविजेता बने। आरिज़ की इस सफलता पर छग प्रदेश टेनिस संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी।

### राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा नेटबॉल में रायपुर का विजयी आगाज़



रायपुर। राजधानी में चल रही राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा नेटबॉल प्रतियोगिता में रायपुर ज़िले की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार जीत दर्ज की है। पहले मैच (बॉयज़) में रायपुर ने सरगुजा को 29—00 से और दूसरे मुकाबले में बस्तर को हराया। गर्ल्स के पहले मैच में रायपुर ने सरगुजा को 11-00 से दूसरे मैच में बस्तर को 23-3 से हराया। दल में कोच गोपाल साहू, मैनेजर अनूप यदु और दल प्रबंधक शरद पंसारी शामिल है।

### राज्य रोलर स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप अगले माह



रायपुर। छत्तीसगढ़ रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से 18वीं छत्तीसगढ़ राज्य रोलर स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप का आयोजन 11, 12 और 13 अक्टूबर को किया जा रहा है। कृष्णा पब्लिक स्कूल, सरोना के सहयोग से 200 मीटर बैंक्ड रोलर स्केटिंग रिंक पर यह प्रतियोगिता होगी। इस राज्य चैम्पियनशिप में लड़के और लड़कियों की विभिन्न आयु वर्गों में उनके द्वारा प्राप्त किए गए परिणामों के आधार पर आगामी 63वीं आरएसएफआई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली अंतिम टीम का चयन किया जाएगा। 30 सितम्बर तक निर्धारित प्रारूप में अपनी प्रविष्टियाँ ईमेल के माध्यम से भेजी जा सकती है।

### खर्राटे की आवाज से पाएं छुटकारा, एक्सपर्ट के बताए उपायों को आजमाएं

# खर्राटे बन गए हैं मुसीबत तो हो जाएं सावधान राहत के लिए डॉक्टरी सलाह के साथ करें उपाय

**क्या आपको भी खर्राटे की समस्या है? क्या आपके भी घर में कोई ऐसा व्यक्ति है जिसके खर्राटे की आवाज से आपको नींद नहीं आती है? आमतौर पर हम इसे परेशान करने वाला समझते हैं, इससे व्यक्ति डिस्टर्ब होता है, लेकिन यह खतरनाक भी होता है। चलिए सबसे पहले जानते हैं कि आखिर खर्राटा क्यों निकलता है और इसे रोकने के लिए क्या उपाय करने चाहिए।**



#### खर्राटे क्यों निकलते हैं?

हेल्थ एक्सपर्ट रामिता कौर बताती हैं खर्राटे वह ध्वनि है जो तब उत्पन्न होती है जब सोते समय मुंह और नाक से हवा का प्रवाह आंशिक रूप से बाधित होता है। इसके अलग अलग कारण होते हैं नैजल प्रॉब्लम स्लीप पोजिशन ओबेसिटी शराब का सेवन स्लीप एपनिया

#### कैसे रोके खर्राटे?



सोने का पोजिशन बदलें, आप करवट होकर सोएंगे तो खर्राटों को कम करने में मदद मिल सकतेहै। वजन कम करने से गर्दन के आसपास वसायुक्त ऊतक कम हो सकता है और खर्राटे कम हो सकते हैं। शराब पीने से बचें, खासकर सोने से पहले, क्योंकि इससे गले की मांसपेशियों को आराम मिलता है। नेजल कंजेशन का इलाज करें। आप नेसल स्ट्रिप्स या एलर्जी के लिए दवाएं लें इससे नाक के मार्ग को खुला रखने में मदद मिल सकती है। स्लीप हाइजीन का ध्यान रखें, सुनिश्चित करें कि आप पर्याप्त नींद लें और सोने और उठने का शेड्यूल बनाएं। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से खर्राटों में कमी आ सकती है, क्योंकि शुष्क वायु मार्ग खर्राटों का कारण बन सकते हैं।

#### खर्राटों के इलाज के लिए घरेलू उपाय

**पुदीना का तेल :** एक कप उबलता हुआ पानी लें। इसमें 10 पुदीने की पत्तियां डालकर ठंडा होने के लिए छोड़ दें। जब यह पानी गुनगुना पीने योग्य हो जाए, तो इसे छानकर या बिना छाने ही पिएं। इससे कुछ ही दिनों में खर्राटों की समस्या ठीक हो जाती है।

**दालचीनी :** खर्राटे की समस्या से निजात पाने के लिए एक ग्लास गुनगुने पानी में तीन चम्मच दालचीनी का पाउडर मिलाकर पिएं। इसके लगातार सेवन से आपको काफी फायदे नजर आएंगे।

**लहसुन :** अच्छी और चैन की नींद के लिए लहसुन का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद है। एक या दो लहसुन की कली को पानी के साथ लें। इस उपाय को सोने से पहले करने से आप खर्राटों से राहत पा सकते हैं, साथ ही चैन की नींद ले सकते हैं।

**हल्दी :** हल्दी में एंटी-सेप्टिक और एंटी-बायोटिक गुण होते हैं। रोज रात को सोने से पहले दूध में हल्दी पकाकर (हल्दी वाला दूध) पीने से फायदा होगा।

**जैतून का तेल :** ऑलिव ऑयल यानि जैतून का तेल एक बहुत ही कारगर घरेलू उपाय है। इसमें भरपूर मात्रा में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होता है। यह श्वसन-तंत्र की प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने में बहुत फायदेमंद होता है। यह दर्द को कम करने में मदद करता है। एक छोटी चम्मच ऑलिव ऑयल में सामान मात्रा में शहद मिलाकर, सोने से पहले नियमित रूप से लें। गले में कंपन को कम करने और खर्राटों को रोकने के लिए इस उपाय का प्रयोग करें।

**इलायची:** इलायची सर्दी-खांसी की दवा के रूप में काम करती है। यह श्वसन-तंत्र खोलने का काम करती है। इससे सांस लेने की प्रक्रिया आसान होती है। रात को सोने से पहले इलायची के कुछ दानों को गुनगुने पानी के साथ मिलाकर पिएं। इससे समस्या से राहत मिलती है। सोने से कम से कम 30 मिनट पहले इस उपाय को करें।



## पकौड़े को कुरकुरा बनाने अपनाएं उपाय, टोस्ट सा करारा होगा स्नैक

बाजार से हो या घर पर बनाया हुआ चाय के साथ गरमा-गरम कुरकुरे पकौड़े मिल जाए, तो मौसम का मजा बढ़ जाता है। इसलिए आपको पकौड़े को कुरकुरे बनाने के कुछ बढ़िया हैक और टिप्स जरूर जानना चाहिए।

**हींग का उपयोग करें:** हींग का उपयोग खाने में तड़का से लेकर स्वाद बढ़ाने तक, कई चीजों के लिए किया जाता है। पकौड़ी का मिश्रण बनाते वक्त आप हींग का इस्तेमाल कर सकते हैं। मिश्रण में एक चुटकी हींग डालकर अच्छे से फेंट लें और पकौड़ी बनाएं।

**कॉर्न फ्लोर का उपयोग करें :** कॉर्न फ्लोर के इस्तेमाल से भी हम चीजों को अधिक क्रिस्पी कर सकते हैं। आप मिश्रण में थोड़ा कॉर्न फ्लोरडालकर अच्छे से मिक्स कर लें। कॉर्न फ्लोर और पिसे हुए दाल के मिश्रण को मिक्स कर पकौड़ी बना लें।



**चावल आटा की मदद लें:** चावल आटा का इस्तेमाल से आप पकौड़ी को कुरकुरा बना सकते हैं। मूंग और उड़द दाल के मिश्रण में चावल आटा मिलाकर आप अच्छे से मिला लें और फिर उसे अच्छे से मिक्स करें और पकौड़ी बनाएं।

**गर्म तेल का इस्तेमाल करें:** पकौड़ी के मिश्रण में गर्म तेल डालकर अच्छे से मिलाएं और पकौड़ी तल लें। गर्म तेल मिश्रण को सॉफ्ट बनाता है और पकौड़ी को क्रिस्पी बनाने में मददगार है।

**ईनो से बनेगा कुरकुरा पकौड़ा :** ईनो का इस्तेमाल आप पकोड़े को कुरकुरा बनाने के लिए कर सकते हैं। पकौड़े के मिश्रण में एक चुटकी ईनो उसे एक्स्ट्रा क्रिस्पी और कुरकुरा बनाने में हेल्पफूल है।



## नक्षत्र प्रभावित करते हैं हमारे दैनिक जीवन को

वैदिक ज्योतिष शास्त्र में ग्रह-नक्षत्रों की चाल का विशेष महत्व होता है। ग्रह-नक्षत्रों की चाल का प्रभाव व्यक्ति के जीवन पर जरूर पड़ता है। ग्रहों की चाल से जहां व्यक्ति के जीवन पर शुभ-अशुभ प्रभाव पड़ता तो वहीं नक्षत्रों की गणना से व्यक्ति के स्वभाव और जीवनशैली पर असर होता है। वैदिक ज्योतिष शास्त्र में कुल 27 नक्षत्रों का विवरण है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इन 27 नक्षत्रों को दक्ष प्रजापति की पुत्रियां माना गया है। वैदिक ज्योतिष में ज्योतिषीय गणना के लिए कुल 12 राशियां होती हैं और आकाश को 27 नक्षत्रों में बांटा गया है। कुल 9 ग्रहों को इन 27 नक्षत्रों में बांटा गया है और हर एक ग्रह 3 नक्षत्रों के स्वामी होते हैं।

वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार आकाश में तारा समूह को नक्षत्र कहा जाता है। नक्षत्रों की गणना के आधार पर ही ज्योतिषीय गणनाएं की जाती हैं और ये नक्षत्र चंद्रमा का पथ से जुडे हुए होते हैं। चंद्रमा लगभग 27 दिनों में पृथ्वी की पूरी परिक्रमा करता है। ऐसे में एक माह में चंद्रमा जिस भी मुख्य



सितारों के समूहों के बीच भ्रमण करते हैं। चंद्रमा के द्वारा एक परिक्रमा करने में 27 अलग-अलग तारा समूह का निर्माण करते हैं। जिस प्रकार से सूर्य मेष से लेकर मीन राशि तक हर महीने भ्रमण करते हैं उसी प्रकार चंद्रमा सभी 27 नक्षत्रों में विचरण करते हैं। इस काल को ही नक्षत्रमास कहा जाता है। इस प्रकार 27 दिनों का एक नक्षत्र मास होता है।

### अश्विन नक्षत्र

वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार अश्विन नक्षत्र सभी 27 नक्षत्रों में पहला नक्षत्र होता है। यह नक्षत्र ज्योतिष शास्त्र में सबसे पहला और अहम माना जाता है। अगर आप अश्विन नक्षत्र वाले हैं तो आप बहुत ऊर्जावान और सक्रिय होंगे। अश्विन नक्षत्र वाले व्यक्ति बेहद महात्वाकांक्षी और बेचैन प्रकृति के होते हैं। हर काम जल्दबाजी में करना चाहते हैं और उसका नतीजा भी जल्दी से जल्दी चाहते हैं। कुछ रहस्यमय प्रकृति के होते हैं पहले काम कर लेते हैं, बाद में उसके बारे में सोचते हैं। इसलिए कई बार उन्हें कामकाज में नाकामयाबी भी मिलती है, लेकिन लगातार कोशिश करते रहने की वजह से ऐसे लोग आगे भी तेजी से बढ़ते हैं।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

क्लीन किचन
प्योर वेज थाली (पार्सल) 110/-,160/-, 210/-
पार्सल हेतु संपर्क करें : रायपुर हॉस्टल
पेंशनबाड़ा, पुलिस पब्लिक स्कूल के सामने, रायपुर
88780 00127, 79998 44943
AC, Non-AC रूम उपलब्ध 24X7
: कॉल करें : बॉयज़ एवं गर्ल्स पी.जी.
सर्वसुविधायुक्त, शुद्ध शाकाहारी भोजन व नाश्ता किटी पार्टी, बर्थ डे पार्टी के लिए उपयुक्त
स्टूडेंट्स हेतु मासिक भोजन पर 10% 4 थाली पर 1 थाली FREE (पार्सल)
शुगर फ्री थाली LOW CALORY
आलू, प्याज, लहसून रहित पौष्टिक एवं शुद्धतापूर्ण हाईजेनिक

नये जमाने की जरूरत aura astrology
www.astrologywithaura.com
कुण्डली- स्वास्थ्य- चक्र -औरा में एक साथ सुधार
50 सालों में बहुत कुछ बदल गया... नये फार्मूले की जरूरत
रंगों का जीवन में महत्व, जन्म का सही समय नहीं, मिट्टी से संपर्क नहीं, मिलावटी गहने, रत्नों पर सावधानी
राजेश श्रीवास्तव, 11 ए, रवि नगर, पंडरी, रायपुर (छग) 98267 09504, 76929 51173

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

30 से 50% लेस IN YOUR HOME
OLD MATTRESS EXCHANGE OFFER
संजय रुई भंडार निराकांरी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी, रायपुर
9827976266, 7987918262

शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"
माननीय विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार छ.ग. शासन के उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र कं. 1889 नया रायपुर दि. 4.8.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यो को महाविद्यालयीन ग्रंथालय हेतु उक्त शोधग्रंथ को उपयोगितानुसार कय किया जाने का आदेश जारी किया गया है। प्राप्ति स्थल–सेन्ट्रल बुक हाउस, पुस्तक प्रतिष्ठान सदर बाजार रायपुर आदि पुस्तक दुकानों में उपलब्ध है, पृष्ठ संख्या 420, मुल्य 700 रू.। महाविद्यालयों के ग्रंथालयों हेतु 25% छुट के लिए सम्पर्क करे – डॉ.टी.आर.रामटेके, संजय नगर, मुख्य मार्ग, रायपुर (छ.ग.), मो.8349362428।

DYNAMO Electric Vehicle
Range-50km
Motor Crome
Smart Controller
12" Wheel
1 Year Warranty
एक लाख में 3
567 दीजिए गाड़ी ले जाईये*
BAJAJ FINSERV फाइनेंस सुविधा उपलब्ध
CHAWLA ELECTRIC जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900

शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"
शोधलेखक डॉ.टी.आर.रामटेके। (पीएच.डी. उपाधि हेतु इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छ.ग. से स्वीकृत शोधप्रबंध)। जिसमें छत्तीसगढ़ के किले, पुरातात्विक स्मारकों की स्थापत्य कला तथा छत्तीसगढ़ के प्राचीन काल से कलचुरी काल (ई.1750) तक का राजनीतिक इतिहास को लगभग 150 रेखाचित्र एवं 450 रंगीन छायाचित्र के माध्यम से विश्लेषण किया गया है। जिसे राज्य के महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं को समझना आवश्यक है, जो सीजीपीएससी की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उपयोगी है।

HORIZON OF STARS & PLANETS (ASTRO NUMERO TAROT)
आपकी परेशानियाँ- पैसा, प्रोपर्टी, शादी, नौकरी, स्वास्थ्य, पारिवारिक समस्या, नकारात्मकता जैसी सभी परेशानियों का समाधान- कुंडली, अंक ज्योतिष एवं टैरो द्वारा किया जाएगा।
JAYTE B. TAAUNK Dubey Colony Mowa, Raipur 7354987700, 8349299252

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## '..अनदर' के रोल पर लियोनार्डो ने कहा-अलग है क्रूज की फिल्म से



हॉलीवुड एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो की जल्द ही एक फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' रिलीज होगी। इस फिल्म में उनके रोल की तुलना टॉम क्रूज की पिछली रिलीज फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल' से हो रही है। इस तुलना पर लियोनार्डो ने क्या कहा, जानिए।

पॉल थॉमस एंडरसन डायरेक्टेड फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' को लेकर लियोनार्डो डिकैप्रियो काफी एक्साइटेड हैं। लेकिन कुछ लोग इस फिल्म की तुलना लगातार 'मिशन इंपॉसिबल' से कर रहे हैं। चर्चा है कि लियोनार्डो डिकैप्रियो का किरदार भी टॉम क्रूज जैसा ही नई फिल्म में होगा। जबकि लियोनार्डो डिकैप्रियो इस बात से इंकार करते हैं। फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' 1990 के नॉवले 'वाइनलैंड' पर बेस्ड है। इस थ्रिलर फिल्म में कुछ लोग, 16 साल बाद वापस लौटे एक दुश्मन का मुकाबला करने के लिए एकजुट होते हैं। फिल्म में लियोनार्डो डिकैप्रियो ने बॉब नाम का किरदार निभाया है। फिल्म में अपने किरदार के बारे में लियोनार्डो डिकैप्रियो कहते हैं, 'फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल में टॉम क्रूज के रोल से मेरा रोल बिल्कुल अपोजिट है। बॉब हर काम गलत करता है। वह अपने किसी भी काम को अंजाम तक नहीं पहुंचा पाता है।' फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' को पॉल थॉमस एंडरसन ने लिखा, डायरेक्ट किया है। इस फिल्म में बेनिसियो डेल टोरो, टेयाना टेलर और शॉन पेन जैसे स्टार सपोर्टिंग रोल में दिखेंगे। बेनिसियो डेल टोरो लियोनार्डो डिकैप्रियो के साथ अभिनय करके काफी खुश हैं। वह कहते हैं, 'लियो उन एक्टर्स में से एक हैं जिनकी मैं तारीफ करता रहा हूं।

### टॉलीवुड

## पसंद आया मोहनलाल की 'वृषभा' का फर्स्ट लुक, टीजर हुआ रिलीज



मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल की आगामी फिल्म 'वृषभा' की पहली झलक सामने आ गई है। 'वृषभा' एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसे हिंदी में भी रिलीज किया जाएगा। फिल्म की घोषणा के साथ ही फैंस इसकी एक झलक के लिए बेकरार थे। अब आज फिल्म का फर्स्ट लुक सामने आया है। सामने आए फर्स्ट लुक पोस्टर में मोहनलाल इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। एक योद्धा के कपड़ों में मोहनलाल एक त्रिशूल के आकार का अस्त्र और ढाल लिए हुए हैं। इसके पीछे से सिर्फ उनकी एक आंख चमक रही है। गुस्से में निहारते मोहनलाल काफी इंटेंस लुक में दिखाई दे रहे हैं। इस पोस्टर को शेयर करते हुए मोहनलाल ने कैप्शन में लिखा है, 'युद्ध, भावनाएं और दहाड़।' इसके साथ ही उन्होंने फिल्म के टीजर रिलीज की भी डेट बता दी है। इसके मुताबिक 'वृषभा' का टीजर गुरुवार को रिलीज किया गया। नंदा किशोर द्वारा लिखित और निर्देशित 'वृषभा' एक एक्शन-ड्रामा फिल्म है। ये एक मायथोलॉजी से संबंधित है। कनेक्ट मीडिया और बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ अभिषेक व्यास स्टूडियोज ने इसे पेश किया है। उम्मीद है कि इस फिल्म में एक बार फिर जबरदस्त बैटल सीक्वेंसेज और वीएफएक्स देखने को मिल सकते हैं। यह एक पैन इंडिया फिल्म है। मलयालम और तेलुगु में एक साथ शूट हुई 'वृषभा' हिंदी और कन्नड़ में भी रिलीज होगी। अभी फिल्म की रिलीज डेट सामने नहीं आई है। मोहनलाल इससे पहले इस साल 'एल2 एम्पुरान' और 'थुडरम' में नजर आ चुके हैं। इसके अलावा वो विष्णु मांचू की 'कन्नप्पा' में भी दिखाई दिए थे। मोहनलाल अपनी सुपरहिट फ्रेंचाइजी 'दृश्यम' की भी तीसरी कड़ी की घोषणा कर चुके हैं।

### भोजपुरी

## पहली पत्नी को याद कर पवन का छलका दर्द, अक्षरा संग रिश्ते पर कही बड़ी बात



भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह इस समय 'राइज एंड फॉल' शो में एक प्रतियोगी के रूप में शामिल हैं। यह शो इस समय सुर्खियों में बना हुआ है, जिसकी एक वजह पवन सिंह भी हैं। आज रविवार के दिन शो का एक नया प्रोमो रिलीज हुआ है। इसमें अभिनेता अपनी शादीशुदा जिंदगी और रिश्ते पर बात कर रहे हैं। एक्टर अपनी पहली पत्नी को यादकर भावुक होते भी दिख रहे हैं।

नए प्रोमो में पवन सिंह बात घर में मौजूद प्रतियोगियों से बात करते दिख रहे हैं। अभिनेता ने कहा, 'मेरी शादी हुई थी एक लड़की से, उसने तीन महीने में ही इस दुनिया को अलविदा कह दिया। वो देवी थी, जिसको मैंने खो दिया।'

आगे उन्होंने कहा, 'कुछ साल बाद जीवन में कुछ और लफड़ा हुआ। जीवन में लगातार काम करते हुए, किसी से नजदीकियां बढ़ीं, लेकिन परिवार वाले राजी नहीं थे। फिर उन्होंने कहीं और बसाया, जब वो जिंदगी बसी, तो उसमें भी धक्क लग गया। वो मामला तलाक पर चल रहा है। ये फैसला मैंने बचपन से ही ठाना था कि जिंदगी वहीं बसेगी, जहां परिवार वाले चाहेंगे। इस चीज का फैसला मैं खुद नहीं कर सकता, मैं लव मैरिज नहीं कर सकता।' हालांकि, आपको बताते चलें कि अभिनेता ने ये नहीं बताया कि किसके साथ उनकी नजदीकियां बढ़ी थीं। पवन सिंह की पहली शादी साल 2014 में प्रिया कुमारी सिंह से हुई थी। शादी के तीन महीने बाद ही उनका निधन हो गया था।

---

### लाइफ स्टाइल



## मर्दाना तेवर के जेवर

हाल ही में मेंस फैशन को लेकर एक अंतरराष्ट्रीय मैग्जीन ने साल 2025 के पसंदीदा आभूषणों से जुड़ी रपट प्रकाशित की है। अब हर्मीस, रिक ओवेन्स, जेडब्ल्यू एंडरसन, बरबेरी और डायर जैसे ब्रांड अपने मॉडलों को आत्मविश्वास से एक्सेसरीज़ के साथ पेश कर रहे हैं। जाहिर है मेंस फैशन में ज्वेलरी की मांग बरकरार है। तो देर किस बात की, आप भी चुनिए अपना पसंदीदा जेवर।

## परफेक्ट दिखना चाहती हैं तो सीखें शिमर आईलाइनर का सही तरीका

कई सारी लड़कियां ऐसी हैं जिन्हें परफेक्ट लाइनर लगाने में दिक्कत होती है। खासकर आईलिड पर शिमर आईलाइनर लगाना। इस तरीके के लाइनर पार्टी लुक के लिए परफेक्ट होते हैं। लेकिन इन्हें लगाने के लिए आपको सही टिप्स और ट्रिक्स के बारे में पता होना चाहिए।

**स्टेप-1:** इसके लिए सबसे पहले अपनी आंखों की लीड पर कंसीलर को अप्लाई करें। फिर इसे लूज पाउडर से सेट करें। अब अपनी आईलिड पर डार्क शेड को लगाएं। इसे अच्छे से स्मज करें।

**स्टेप-2:** डार्क शेड को स्मज करके पीछे की तरफ डार्क ब्लैक शेड को अप्लाई करें। इसके बाद सेंटर पर कंसीलर लगाएं। फिर आगे की तरफ पिंक डर्क शेड को अप्लाई करें। अब आईलिड पर विंग शिमर आईलाइनर लगाएं। आंखों के ऊपर अप्लाई गए कलर को आंखों के नीचे वाले हिस्से पर भी लगाएं। काजल लगाकर अपने लुक को कंप्लीट करें।

### इन शिमर आई लाइनर कलर का करें इस्तेमाल

इसके लिए आप सिल्वर कलर वाले शिमर आई लाइनर का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसमें आपको गोल्डन कलर भी मिल जाएगा। आप चाहे तो ब्रॉन्ज कलर को भी आंखों पर लगा सकती हैं। इसमें आपको मल्टी कलर वाले शिमर आईलाइन का पैलेट मिल जाएगा।

### इन तरीकों से लगा सकती हैं आईलाइनर

आप विंग्ड आईलाइनर (फेस के हिसाब से लगाएं लाइनर) को पार्टी पर ट्राई कर सकती हैं। डबल आई लाइनर से भी आप अपनी आंखों को



परफेक्ट बना सकती हैं। फ्लोटिंग आईलाइनर भी आप ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके से आप अपनी आंखों पर शिमर आई लाइनर लगाकर पार्टी लुक के लिए रेडी हो सकती हैं। इनकी खास बात ये होती है कि इससे आपका बोल्ड आई मेकअप लुक परफेक्ट तरीके से रेडी हो जाता है। तो इस बार पार्टी में जाने के लिए इसे ट्राई करें। ऐसे ही और वीडियो के लिए आप पारुल गर्ग को इंस्टाग्राम पर फॉलो कर सकती हैं।

## इस मौसम में खूब खिलेगी पीकॉक वर्क वाली साड़ियां



अभी ठंड पूरी तरह से आई नहीं है और बारिश भी रुक-रुक कर हो रही है। ऐसे मौसम में धूप खिली-खिली नजर आए, यह कम होता है। इस मौसम के लिए मार्केट में आपको साड़ी के कई सारे अलग-अलग डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप फेस्टिवल और शादी में स्टाइल कर सकती हैं। इनमें से कुछ डिजाइन ऐसे होते हैं जिन्हें पहनते-पहनते हम बोर हो जाते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा है तो इस मौसम में पीकॉक डिजाइन वाली साड़ियों को स्टाइल करें। ये दिखने में काफी सुंदर लगती हैं और खास मौके के लिए बेस्ट ऑप्शन होती हैं। इसको पहनकर आप भी खास रंग में रंग जाएंगी।



### व्हाइट के साथ करें डिजाइन

अगर आपको सादगी पसंद है तो इसके लिए आप व्हाइट कलर के साथ इस पीकॉक साड़ी डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ियां दिखने में बेहद सुंदर लगती हैं। इसमें आपको पूरी साड़ी में पीकॉक फेदर का डिजाइन मिलेगा और पल्लू में मोर बना मिलेगा। इस तरीके की साड़ी हैंडवर्क होती है पहनने में भी बेहद सुंदर लगती हैं। आप इन्हें ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ी के कई सारे ऑप्शन आपको मार्केट में मिल जाएंगे। आप इन्हें 250 से 500 की रेंज में खरीद सकती हैं।

### पल्ले पर मोर का डिजाइन

साड़ियों के अलग-अलग डिजाइन आपको मार्केट में मिल जाएंगे। जिन्हें आप इस खास मौके पर पहन सकती हैं। इसमें आप पल्ले पर मोर का डिजाइन मिलेगा। इसी के साथ पूरी साड़ी (लंबी लड़कियों के लिए साड़ी डिजाइन) प्लेन मिलेगी। इसमें आप चाहे तो ग्रीन के अलावा और भी कलर को खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ी में आपको प्लेन वर्क भी मिल जाएगा। साथ ही हैवी वर्क में भी साड़ी खरीद सकती हैं। आप चाहे तो इसके साथ मोर पंख वाले इयररिंग्स भी स्टाइल कर सकती हैं।

## चेहरे पर शीशे सा निखार आएगा घरेलू उपायों से

त्वचा का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। इस बात को हम सभी खूब अच्छे तरीके से समझते हैं। चेहरे की चमक को नेचुरल तरीके से बरकरार रखना बेहद जरूरी होता है। जानते हैं उन घरेलू चीजों के बारे में जो त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं।

**एलोवेरा :** एलोवेरा त्वचा के लिए एक डॉक्टर का काम करता है और अनेक रूप से फायदे पहुंचाने में मदद करता है। अब चाहे तो त्वचा को नमी पहुंचा कर हाइड्रेटेड बनाना हो या चेहरे पर एलोवेरा जेल का बना हुआ फेस पैक हो। इसका इस्तेमाल आप अनेक रूपों में कर सकती हैं। इसके लिए आप घर में एलोवेरा का पौधा लगायें और मार्केट में मिलने वाली जेल को अवॉयड ही करें।

**बेसन :** बेसन का इस्तेमाल चेहरे पर मौजूद टैनिंग को हटाने के लिए किया जाता है। खासकर यह ऑयली स्किन के लिए बेहद फायदेमंद होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि बेसन चेहरे पर मौजूद पोर्स में जमे ऑयल को निकाल पोर्स को डीप क्लीन करने का काम



करता है। वहीं इसमें आप कच्चा दूध और गुलाब जल मिलाकर इस्तेमाल कर सकती हैं।

**गुलाब जल :** गुलाब जल को चेहरे पर कई तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं। बता दें कि यह एक नेचुरल टोनर का काम करता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ये चेहरे पर मौजूद पोर्स के अंदर जाकर सफाई कर उनका साइज मिनीमाइज करने में सहायता करता है। साथ ही ये त्वचा के पीएच लेवल को बरकरार रखने का काम भी करता है। इसके अलावा त्वचा पर मौजूद डार्क स्पॉट्स यानी काले धब्बे को कम करने के काम भी आता है।

## ऑयली बालों की वजह से ग्लो कम हो रहा तो करें ये उपाय

चेहरे का ग्लो कम होने के कई सारे कारण हो सकते हैं। वहीं इनमे से एक कारण बालों का ऑयली होना भी है। ऑयली बालों की वजह से पिंपल्स या एक्ने की समस्या पैदा हो जाती है और इस वजह से स्किन का ग्लो कम हो जाता है। वहीं ऑयली बालों के बीच चेहरे का ग्लो कैसे बना रहे इसके लिए हमने ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से बात की और उन्होंने हमें एक उपाय बताया है जिसकी मदद से त्वचा से जुडी समस्या कम हो सकती है। ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी ने बताया कि चारकोल स्क्रब की मदद से पिंपल्स और एक्ने की समस्या कम हो सकती हैं। वहीं चारकोल स्क्रब का इस्तेमाल करने से त्वचा का ग्लो भी बना रहेगा।

### इस तरह बनाएं चारकोल स्क्रब

नारियल के छिलके को जला ले। इस काले पदार्थ में पपीता जेल मिक्स करें। इस पेस्ट को चेहरे पर अप्लाई करें। इसके बाद हल्के हाथों से मसाज करें। चेहरे को धो लें। इस उपाय को हफ्ते में 2 दिन करें।

### इन बातों का भी रखें ध्यान



ऑयली बालों होने इनकी अच्कोछी तरह से साफ करें और इसके लिए हफ्ते में 2-3 बार बालों को शैंपू से धोएं। ऑयली बालों की वजह से पिंपल्स और एक्ने की समस्या न हो इसके लिए आप बालों को बाँधकर या हेयर क्लिप्स की मदद से बालो को चेहरे से दूर रखें। चेहरे को दिन में दो बार अच्छे फेस वॉश की मदद से साफ करें ताकि चेहरे पर जमा तेल साफ हो सकें और चेहरा ग्लो करें। चेहरे की देखभाल के लिए आप सही प्रोडक्ट्स चुनाव करें। ऑयल-फ्री प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल न करें।

### कार्नर न्यूज

### सवाल आपके भविष्य का है तो रहें सतर्क

## इंटरव्यू से पहले हड़बड़ी में 'स्टाइलिंग मिस्टेक' न कर दें, वरना यह गलती सिलेक्शन पर पड़ जाएंगी भारी

आपकी समझदारी और जानकारी के साथ जिस एक चीज का फर्क आपके इंटरव्यू पर पड़ता है, वो है आपके कपड़े। अगर आपके कपड़े आप पर अच्छे नहीं लग रहे हैं तो इंटरव्यू में बेस्ट करने की कोशिश थोड़ी कमजोर पड़ सकती है। क्योंकि इंटरव्यू में सबसे पहला इम्प्रेशन आपके कपड़ों का ही पड़ता है। इसलिए कपड़ों के चुनाव में और फिर इन्हें पहनने से जुड़ी कुछ आम गलतियां आप बिल्कुल न कीजिए। इन गलतियों का खामियाजा आपको इंटरव्यू में भी भुगतना पड़ सकता है, तो चलिए इन गलतियों को पहचान लेते हैं-

### सूट की फिटिंग

याद रखिए, आपके कपड़े अगर अच्छी फिटिंग वाले नहीं हैं तो लुक पर की गई मेहनत बेकार हो जाएगी। कम से कम ये फिटिंग की गड़बड़ी बाहर से नहीं दिखनी चाहिए। सूट की कंधों पर फिटिंग, बांह की लम्बाई और कोट की लेंथ, ये वो कुछ पॉइंट हैं, जिन पर आपको जरूर ध्यान देना चाहिए।

जींस नहीं चलेगी



इंटरव्यू में जींस काम नहीं करती है। आपने प्रोफेशनल लुक वाला ब्लेजर पहन लिया है तो आपको लग रहा है कि आप सही दिखेंगे तो आप गलत हैं। आपको किसी भी स्टाइलिंग में जींस को इंटरव्यू में नहीं पहनना है। जींस फॉर्मल कपड़ों में शामिल ही नहीं है।

### ज्यादा न हो जाए

स्टाइलिंग से जुड़ी इतनी चीजें आ चुकी हैं कि कई दफा चुनना मुश्किल हो जाता है लेकिन हर चीज को इंटरव्यू में शामिल नहीं किया जा सकता है। आप भी ऐसा न करें, जैसे बो टाई, मेटेलिक टाई और सूट के ऑफबीट रंग इंटरव्यू में सही नहीं लगते हैं। आप सूट के कलर पर तो ज्यादा ही ध्यान दें। डार्क कलर का सिंपल सूट ही इंटरव्यू में अच्छा लगता है।

### एक्सेसरीज भी हों फॉर्मल

इंटरव्यू के दौरान एक्सेसरीज फॉर्मल लुक वाली होनी चाहिए। ऐसा न हो आप सूट तो फॉर्मल पहनें हों पर आपकी घड़ी चंकी स्टाइल वाली हो। या फिर टाई का रंग बिल्कुल ब्राइट या चमकदार हो।

### स्नीकर को कहें न

आपके पास भले ही स्नीकर का बेहतरीन कलेक्शन हो लेकिन इसे इंटरव्यू में न ही पहनें तो अच्छा है। स्नीकर अब कई सारे ऑफिस में एक्सेप्ट कर लिए गए हैं।

